आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 29 नवंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-239 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जांजगीर चाम्पा,29 नवंबर। बाइक सवार को वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत गई। यह हादसा नेता जी चौंक और कचहरी चौंक के बीच हुआ। वही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। हालाँकि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

ट्रक और बाइक में टक्कर, दो की मौत

बिलासपुर,29 नवंबर। जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया है, हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई है। सुचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पाल भेज दिया है, बताया जा रहा मृतक जोन्धरा के रहने वाले है, वहीं पचपेढ़ी पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

पिकअप-ट्रक में टक्कर

भिलाई,29 नवंबर। आज सुबह नेशनल हाइवे सुपेला फ्लाईओवर पर नागपुर से आ रही पिकअप की ट्रक से टक्कर हो गई हादसे में पिकअप का हेल्पर साइड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस पेट्रोलिंग ने ट्रक में फंसी पिकअप को फ्लाईओवर से नीचे उतरवा कर साइड किया जिसके बाद यातायात सुचारु हुआ आज सुबह सुपेला फ्लाईओवर पर चंद्रा-मौर्या टाकीज के पास यह हादसा हुआ है। नागपुर से संतरा व अनार लोड कर पिकअप क्रमांक एमएच 30 बीडी 5621 पावर हाउस फलमंडी जा रही थी इसी दौरान फ्लाईओवर पर सामने से जा रही ट्रक क्रमांक एमएच 12 एनएक्स 1974 को पीछे से पिकअप ने ठोकर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप ट्रक के पीछे फंस गई पिकअप का हेल्पर साइड बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया बताया जा रहा है कि पिकअप चालक को हल्की झपकी आने से यह हादसा हुआ फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है.

महानदी पर बना मेघा पुल टूटने से लोग परेशान

धमतरी,29 नवंबर। जिले के मेघा गांव में महानदी पर पुल टूटने के बाद वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रदर्शन किया. इसके चलते स्टेट हाइवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई है. बता दें कि मेघा महानदी पुल दो महीने पहले टूटा है. इसके बाद इस मार्ग पर आवाजाही बंद कर दी गई है. इसके कारण राजिम, मगरलोड क्षेत्र के लोगों को कुरूद जाने के लिए कई किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा. बता दें कि नब्बे के दशक में तत्कालीन विधायक स्व. दीपा साहू के प्रयास से महानदी पर मेघा पुल का निर्माण कराया गया था. इस पुल के बनने से मगरलोड, नगरी, गरियाबंद क्षेत्र में कुरुद की कन्केक्टिविटी बढ़ी, जिससे वन क्षेत्रों में विकास की किरणें जगने लगी थी, लेकिन रेत माफियाओं ने क्षेत्र की इस अनमोल धरोहर को भी नहीं छोड़ा. गाड़ाडीह और मेघा के बीच महानदी पर बने पुल के तीन पिल्लर गिर गए.

विपक्ष का हंगामा, दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली,29 नवंबर। संसद के शीतकालीन सत्र में आज भी गतिरोध जारी रहा। दोनों सदनों में विपक्ष के हंगामा के वजह से आज की कार्यवाही को स्थगित करनी पड़ी। इसका मतलब साफ है कि शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में संसद के दोनों सदनों में कामकाज नहीं हो सका। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले सप्ताह में कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो पाया। अब सोमवार 2 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होगी। लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने के एक दिन बाद शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा सदन पहुंची और विपक्षी सदस्यों के साथ एकजुटता दिखाते हुए उनके साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं। विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की बैठक शुक्रवार को एक बार के स्थगन के बाद पुन- शुरू होने के करीब 10 मिनट के अंदर दोपहर बारह बजकर 10 मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर जैसे ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस और सपा के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस सदस्य अदाणी समूह से जुड़े मामले को उठा रहे थे, वहीं सपा सांसद संभल हिंसा का मुद्दा उठाते देखे गए। हंगामे के बीच ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर भी दिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच शुक्रवार को कहा कि देश की जनता सांसदों एवं संसद के बारे में चिंतित है तथा वह चाहती है कि सदन की कार्यवाही चले। उन्होंने यह टिप्पणी प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों से सदन की बैठक चलने देने की अपील करते हुए की।

बिरला ने इस दौरान नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, ''देश की जनता चाहती है कि सदन चले। कई माननीय विद्वानों ने लिखा है कि संसद चलनी चाहिए, चर्चा-संवाद होना चाहिए। सहमति और असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत है।'' उनका कहना था, ''मैं आग्रह करता हूं कि जनता की भावनाओं और उनकी आशाओं एवं आकांक्षाओं के अनुसार, आप सदन चलाने में सहयोग करें। आज स्वास्थ्य एवं महिलाओं पर प्रश्नकाल में चर्चा हो रही है। प्रश्नकाल आपका समय है।'' अदाणी समूह के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों और दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति सहित विभिन्न मुद्दों पर तत्काल चर्चा कराए जाने की मांग खारिज होने के बाद शुक्रवार को विपक्ष ने राज्यसभा में हंगामा किया, जिसके कारण उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ ही देर बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीम सिंह और जनता दल (यूनाईटेड) के संजय झा को जन्मदिन की बधाई दी गई। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी दल व्यवधान पैदा करने व सामान्य कामकाज बाधित करने के लिए नियम 267 को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। धनखड़ ने यह टिप्पणी विपक्षी सदस्यों की ओर से हर दिन नियम 267 के तहत नोटिस दिए जाने और पूर्व-निर्धारित एजेंडे को निलंबित कर उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा की मांग किए जाने के मद्देनजर आई।

जब किसान की वेशभूषा में कलेक्टर पहुंचे धान खरीदी केंद्र

अंबिकापुर,29 नवंबर। धान खरीदी की शुरूआत 14 नवंबर से शुरू हो गई है। खरीदी केंद्र से अब तक कई गड़बडिय़ां सामने आ चुकी हैं। इसी बीच सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर किसान की वेशभूषा में सीतापुर के पेटला स्थित धान खरीदी केंद्र पहुंचे। सीतापुर एसडीएम रवि राही के साथ बाइक में सवार होकर धान खरीदी केंद्र पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले लाइन में लगकर टोकन प्रक्रिया का अवलोकन किया। लगभग 1 घंटे पूरे खरीदी केंद्र का भ्रमण करते रहे। समिति प्रबंधक, कर्मचारियों सहित खरीदी केंद्र में उपस्थित किसी ने भी कलेक्टर को इस रूप में नहीं पहचाना। कलेक्टर ने किसानों के साथ कर्मचारियों के व्यवहार का आंकलन किया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से भी बात की। वहीं फड़ में धान की तौलाई करवाकर, तौल पत्रक की पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री करवाई। बाद में जब बताया गया कि ये कलेक्टर हैं तो सभी हैरान रह गए। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसका ध्यान रहे। पूरी धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान चौकन्ने रहें, कोचियों-बिचौलियों पर निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। धान खरीदी के निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर सहकारी बैंक सीतापुर पहुंचे। धान बेचने के पश्चात पैसे निकालने लाइन में लगे किसानों के साथ कलेक्टर स्वयं लाइन में लग गए और पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने एक किसान के खाते से पैसे निकालकर गिनकर देखा। उन्होंने नया पासबुक बनाने हेतु फॉर्म लिया तथा इसके सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण पश्चात कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए बैंक की व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया तथा समस्याएं पूछीं।

पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा के घर और ऑफिस पर ईडी का छापा

मुंबई,29 नवंबर। पोर्नोग्राफी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के घर और ऑफिस पर छापा मारा है। राज कुंद्रा के घर और ऑफिस पर ईडी ने एक साथ छापा मारा है। ईडी द्वारा केस दर्ज किए जाने के बाद अब आवासीय परिसरों और दफ्तरों की तलाशी ली जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई के अलावा यूपी में भी 10 से ज्यादा जगहों पर तलाशी ली जा रही है। दरअसल ईडी ने मोबाइल ऐप के जरिए अश्लील सामग्री तैयार करने और उसके डिस्ट्रीब्यूशन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा सहित कई अन्य लोगों के घरों और दफ्तरों पर छापेमारी की है। बता दें कि कुंद्रा को जून 2021 में कथित तौर पर 'अश्लील' फिल्में बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दो महीने जेल में बिताने के बाद वह फिलहाल सितंबर 2021 से जमानत पर हैं.मुंबई पुलिस ने इस सिलसिले में इसी साल 4 फरवरी, 2021 को एक केस दर्ज किया था। जब एक लड़की ने मुंबईं के ही मालवाणी थाने में इस

रैकेट के बारे में एक शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया था कि कैसे कुछ लोग फिल्मों और ओटीटी में काम दिलाने के नाम पर लड़कियों को अश्लील फिल्मों में काम करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इसके साथ ही अश्लील फिल्में शूट कर मुंबई में कई धंधेबाज मोटी कमाई कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मलाड वेस्ट इलाके में एक ऐसे बंगले पर छापेमारी की जिसे किराये पर लेकर पोर्न फिल्म की शूटिंग की जा रही थीष। तब इस छापेमारी में एक बॉलीवुड की एक अभिनेत्री समेत 11 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

निचली अदालत न ले कोई एक्शन, लिफाफे में सीलबंद रखी जाए सर्वे रिपोर्ट

नई दिल्ली,29 नवंबर। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को आदेश दिया कि जब तक संभल मस्जिद की शाही ईदगाह कमेटी हाईकोर्ट नहीं जाती, तब तक मामले को आगे न बढ़ाया जाए। सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि एडवोकेट कमिश्नर की सर्वे रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को अपने समक्ष लंबित रखा और मामले को 6 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाले सप्ताह में सुनवाई के लिए पोस्ट किया। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संभल में शांति और सद्भाव कायम रखा जाए. स्ष्ट ने एक आदेश पारित कर मस्जिद कमेटी को हाई कोर्ट जाने और ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने का निर्देश दिया है।

संभल केस में सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

उन्होंने कहा कि कमिश्नर को अपनी रिपोर्ट सीलबंद कवर में दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि वह मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रहा है। स्ष्ट ने उनसे (मस्जिद समिति से) आदेश को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देने के लिए कहा है और इसे दायर किया गया है और इसे 3 कार्य दिवसों में ॥ष्ट के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर सीमित रोक है। इससे पहले संभल सांसद जिया उर रहमान बर्क ने

कहा कि समाजवादी पार्टी मांग कर रही है कि जांच समिति में सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज को शामिल किया जाए। सपा नेता ने कहा कि हमने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि संभल की शाही जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर जो मामला जिला अदालत में है, उसे रोका जाए और मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में की जाए। पूजा स्थल अधिनियम का सही उपयोग होना चाहिए। अब अजमेर दरगाह को लेकर भी याचिका दायर की गई है। ये सब कब रुकेगा?...कुछ चुनिंदा लोगों को माहौल बिगाड़ने का मौका क्यों दिया जा रहा है?आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद ने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट से बहुत उम्मीदें हैं। सुप्रीम कोर्ट ने लगातार उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार के गलत कामों को रोकने का काम किया है। इस बार भी हमें विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट जो अत्याचार हो रहा है उसे रोकने में मदद करेगा। इसको लेकर संसद में एक संशोधन बिल आना चाहिए, 1991 के (पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम) के संबंध में एक संशोधन बिल आना चाहिए एवं पिछले बिल की कमियों को दूर किया जाये। केंद्रीय मंत्री जयंत सिंह चौधरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को फैसला करना चाहिए। मुझे लगता है कि पूजा स्थल अधिनियम की अपनी पवित्रता है और अयोध्या फैसले और सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ रास्ते तय किए हैं। इसलिए अब यह सुप्रीम कोर्ट पर निर्भर है कि वह इस पर दिशानिर्देश तय करे। किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। भीड़ क्यों बनाई जा रही है? क्यों हो रही है पत्थरबाजी?

वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल में बम धमाके की धमकी

नई दिल्ली,29 नवंबर। दिल्ली के दिल्ली के रोहिणी के वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल के ऑफिसियल मेल पर बम धमाके होने की धमकी दी गई है। एहतियातन स्कूल प्रशासन ने स्कूल को खाली करवा लिया है। इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस और संबंधित थाने को दी गई है। मेल किसने किया है, इसकी जांच की जा रही है। बता दें कि एक दिन पहले (28 नवंबर) को ही दिल्ली में प्रशांत विहार इलाके में एक बार फिर धमाका हुआ था। धमाका एक मिठाई की दुकान के पास हुआ. स्थानीय पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड दस्ते को बुलाकर साक्ष्य जमा किए गए। पुलिस ने इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी थी। फायर विभाग ने भी चार दमकल वाहनों को मौके पर भेजा। यह धमाका प्रशांत विहार में बंसीवाला स्वीट के पास हुआ है और सफेद पाउडर मौके से बरामद हुआ है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सीआरपीएफ स्कूल की दीवार पर हुए ब्लास्ट का कुछ वैसा ही पैटर्न इसमें भी है। 20 अक्तूबर को रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल की दीवार में धमाका हुआ था, जो सुबह हुआ था और आसपास के कई लोगों को नींद से जगाया। धमाका इतना जोरदार था कि 10 मिनट तक धुआं छाया रहा और कई दुकानों और गाड़ियों के शीशे टूट गए, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ।

मंदिर के 100 मीटर दायरे में ना फटकें खालिस्तानी

कनाडाई कोर्ट ने पुलिस को दिया आदेश

नई दिल्ली,29 नवंबर। कनाडा में खालिस्तानियों को मिलने वाली खुली छूट के बीच एक कोर्ट ने राहत भरी खबर सुनाई है। टोरंटो क स्कारब्रॉ में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर की याचिका पर ओंटारियो के कोर्ट ने कहा कि मंदिर में कॉन्सुलर कैंप के दौरान 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। बिना इजाजत कोई भी मंदिर में प्रवेश नहीं कर पाएगा। गुरुवार को सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस के जज ने कहा कि मंदिर मांग कर रहा है कि परिसर के 100 मीटर के दायरे में उपद्रवी पहुंच ना पाएं और इसके लिए निषेधाज्ञा की जरूरत है। पिछलमे मामलों को देखते हुए मंदिर को इजाजत दी जाती है। कोर्ट ने कहा कि इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि मंदिर पर हमला हो सकता है। वहीं कॉन्सुलर कैंप में बुजुर्ग लोग पहुंचते हैं। ऐसे में अगर हमला होता है तो जान को भी नुकसान हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोर्ट निषेधाज्ञा नहीं लगाता है तो गंभीर क्षति हो सकती है। कोर्ट ने टोरंटो पुलिस को निर्देश दिया है कि मंदिर में अगर कोई बिना आज्ञा के प्रवेश करनी की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार किया जाए और एक्शन लिया जाए। यह नियम शनिवार को सुबह 8 बजे से 6 बजे तक लागू रहेगा। बता दें कि मंदिर में लगने वाले कॉन्सुलर कैंप को पहले भी खालिस्तानी निशाना बना चुके हैं। खालिस्तान समर्थक भारतीय दूतावास का विरोध करते हैं। आने वाले वीकेंड में इंडिया मिशन कनाडा में आखिरी बैच के कॉन्सुलर कैंप आयोजित करने जा रहा है। लक्ष्मी नारायण मंदिर के अलावा सूरी में भी कैंप का आयोजन किया जाएगा। बीते सप्ताह भी शिविरों का आयोजन होना था लेकिन अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और खालिस्तानियों के हमले की वजह से कैंप कैंसल कर दिए गए।

विशेषज्ञों ने घटते लिंगानुपात एवं महिला सुरक्षा के महत्व पर साझा की जानकारी

रायपुर 29 नवम्बर । पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 अंतर्गत लोक अभियोजकों की भूमिका पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 पर रायपुर स्थित सर्किट हाउस में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार से आए विशेषज्ञों ने कार्यशाला में घटते लिंगानुपात और बेटियों के महत्व पर जन-जागरूकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान वर्तमान सामाजिक परिवेश में पीसीपीएनडीटी का महत्व, एक्ट को प्रदेश में कड़ाई से पालन करने हेतु उपाय, एक्ट के क्रियान्वयन में लोक अभियोजन की भूमिका पर विमर्श किया गया । कार्यशाला के दौरान कार्यशाला में सभी जिलों के लोक अभियोजन अधिकारी व PCP-NDT जिला नोडल अधिकारी उपस्थित रहे । उल्लेखनीय है कि गर्भ धारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 भारत

में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगाया गया है। कार्यशाला में एक्ट के विभिन्न प्रावधानों एवं नए दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान प्रदेश के सभी जिलों से आए लोक अभियोजन अधिकारियों ने भाग लिया व एक्ट के संबंध में अपने विचार साझा किए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक श्री विजय दयाराम के. ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि लिंगानुपात में संतुलन बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। इसे सही स्तर पर रखने के लिए हमें बेटे और बेटियों के भेद को खत्म करते हुए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें न केवल जन्म के समय लिंगानुपात को बेहतर करना है, बल्कि शिशु लिंगानुपात में भी सुधार लाना है साथ ही उन्होंने लोक अभियोजन के मामलों पर संवेदनशील होकर सजगता से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में संचालक महामारी नियंत्रण डॉ. एस.के. पामभोई, पी.सी.पी.एन.डी.टी. के छत्तीसगढ़ के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह, भारत सरकार की प्रतिनिधि सुश्री इफत हामिद एवं यूएनएफपीए सलाहकार एडवोकेट वर्षा देशपांडे ने पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के क्रियान्वयन पर अपने अनुभव साझा किए।

अनवर ढेबर की फर्जी मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द

रायपुर,29 नवंबर। प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाला में आरोपी अनवर ढेबर की जमानत सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी है. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाई कोर्ट में जाकर फिर से जमानत अर्जी दाखिल करने को कहा है. जानकारी के अनुसार, जिस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अनवर ढेबर को हाई कोर्ट ने जमानत दी थी, उसे सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ पुलिस ने चेलेंज किया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने जमानत को रद्द करते हुए वापस हाई कोर्ट में भेज दिया है. दरअसल, अनवर ढेबर को हाई कोर्ट ने जुलाई में किडनी और गॉलब्लैडर स्टोन की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी. ढेबर के वकील ने मेडिकल ग्राउंड पर इलाज के लिए जस्टिस अरविन्द वर्मा की पीठ के सामने जमानत देने का आग्रह किया था.

वकील ने तर्क दिया कि अनवर को किडनी की बीमारी है, और उन्हें पेशाब करने में दिक्कत हो रही है. सुनवाई के दौरान यह भी तर्क दिया गया कि ढेबर का इलाज चल रहा है, जिसके लिए अस्पताल जाने की जरूरत पड़ती है. जेल में गार्ड उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके चलते इलाज नहीं हो पा रहा है.

इस मेडिकल रिपोर्ट को बनाने वाले डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के गेस्ट्रो सर्जन को छत्तीसगढ़ सरकार ने बर्खास्त करने के साथ उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करा दी थी.

सरकार धान नहीं खरीदने की साजिश कर रही

विष्णुदेव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है सरकार किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है

रायपुर,29 नवंबर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार धान नहीं खरीदने का षड्यंत्र कर रही है। विष्णु देव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है. इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है. शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मिट्रिक टन की ख़रीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। सोसाइटियो को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को धान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रू. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना)

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानों से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा। सोसायटी में बारदाना की कमी है किसान परेशान है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रो में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है किसान घंटो खड़े रहते है। आनलाईन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नही मिल रहा है। धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रू. से बढ़ाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफ़र स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है।

फ्लोरा मैक्स कंपनी से जुड़ी महिला की घर में मिली लाश

कोरबा,29 नवंबर। छत्तीसगढ़ में लगभग 50 हजार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाली कंपनी फ्लोरा मैक्स से जुड़ी एक महिला की आज संदिग्ध हालत में मौत हो गई है. कोरबा जिले के करतला के सकदुकला की निवासी महिला भगवती बाई (30 वर्ष) ने कंपनी में 80 अन्य महिलाओं को जोड़ा था. वहीं ठगी के खुलासे के बाद महिला परेशान चल रही थी और बीते तीन दिनों से बीमार होने के बाद अचानक महिला ने दम तोड़ दिया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. बता दें, इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कंपनी के डायरेक्टर अखलेश सिंह और केयर टेकर मया राम साहू समेत 10 महिलाओं को गिरफ्तार कर कंपनी को सील कर दिया है. बीते दिन गुरुवार को कंपनी के फ्रॉड से पीड़ित लगभग 150 महिलाओं ने सीएम हाउस में पहुंचकर पैसे वापिस दिलाने की गुहार लगाई थी. इस बीच महिला की मौत को अब कंपनी के फ्रॉड से जोड़कर देखा जा रहा है. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है. महिला के मौत को लेकर करतला थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया पुलिस परिजनों से पूछताछ कर आगे के कार्रवाई में जुट गई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा.

राज्यपाल ने नशामुक्ति,हेलमेट जागरूकता का संदेश दिया,शासन की योजनाओं की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने आज बृहस्पतिवार को कबीरधाम जिले के अवसर पर कवर्धा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नशामुक्ति अभियान, भिक्षावृत्ति उन्मूलन और विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के जीवनस्तर में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही विकास के लक्ष्यों को पूरा किया जा सकता है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में आदिमजाति विकास विभाग के सचिव श्री सोनमणी बोरा, राज्यपाल के अवर सचिव सुश्री अर्चना पांडेय, एडीसी सुनील शर्मा, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह छवई, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार और जिला पंचायत सीईओ श्री अजय त्रिपाठी सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने बैठक में जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा- आदिवासी के शैक्षणिक,आर्थिक,समाजिक विकास के साथ उन्हें रोजागर के अवसरों प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने युवाओं के लिए कौशल विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों के अनुभव का उपयोग करते हुए बैगा युवाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। उन्होंने बैगा युवाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया को प्राथमिकता देने को कहा।राज्यपाल डेका ने टीबी (क्षयरोग) और सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों के उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल यूनिट की व्यवस्था, व्यापक सर्वेक्षण और जागरूकता अभियान के माध्यम से इन बीमारियों से प्रभावित क्षेत्रों में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने मरीजों को समय पर जांच, दवाइयों की उपलब्धता और पोषण सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।राज्यपाल डेका ने नशे के दुष्प्रभावों से समाज को बचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने और युवाओं को शिक्षा, रोजगार तथा खेलकूद से जोड़ने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट उपयोग को बढ़ावा देने वाले अभियान चलाने की अपील की। राज्यपाल ने जिले के पुरातत्व महत्व के स्थलों पर चर्चा करते हुए उनके संरक्षण और विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। राज्यपाल ने इसके अलावा बैठक में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, वन, पंचायत, जल संसाधन, मनरेगा, पुलिस, पुरातत्व, आदिवासी विकास, रेडक्रॉस, एनसीसी और पीएम जनमन सहित सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ै, बोड़ला एसडीएम विनय पोयाम, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

खुद को सेना का जवान बताकर की युवक से की ठगी

भिलाई,29 नवंबर। भिलाई आनलाइन ठगी करने वाले शातिर ने खुद को सेना का जवान बताकर सुपेला के एक युवक से 31 हजार 60 रुपये की ठगी कर ली आरोपित ने ओएलएक्स पर एक एक्टिवी बेचने का विज्ञापन अपलोड किया था जिसे देखकर शिकायतकर्ता ने उससे संपर्क किया तो आरोपित ने खुद को दुर्ग का निवासी और भोपाल में पदस्थ होना बताया था उसने मिलिट्री ट्रांसपोर्ट सर्विसेस के माध्यम से गाड़ी भिजवाने के नाम पर पीड़ित से ठगी की। घटना की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है आनंद चौक पांच रास्ता सुपेला निवासी शशिकांत सोनी से ठगी हुई है पीड़ित बीसीए द्वितीय वर्ष का छात्र है उसे एक, एक्टिवा की जरूरत थी तो उसने ओएलएक्स पर पुरानी गाड़ियां देखी एक गाड़ी पसंद आने पर उसने बेचने वाले से संपर्क किया उस व्यक्ति ने अपना नाम अनिल टंडन निवासी दुर्ग बताया उसने गाड़ी का आरसी बुक भी पीड़ित को भेजा इससे पीड़ित को विश्वास हो गया कि वो सही विक्रेता से ही बात कर रहा है पीड़ित ने गाड़ी देखने के लिए बोला तो उसने कहा कि गाड़ी को मिलिट्री ट्रांसपोर्ट सर्विसेस के माध्यम से दुर्ग भेजना पड़ेगा इसके के लिए उसे 1500 रुपये देने होंगे। पीड़ित इसके लिए तैयार हो गया और उसने आरोपित को यूपीआइ के माध्यम से 1500 रुपये भेज दिए इसके बाद दूसरे दिन किसी कथित डिलीवरी ब्वाय का फोन आया और उसने जीपीएस बंद होने और उसे दोबारा चालू करवाने के लिए अनिल टंडन से ई मेल करवाने के लिए कहा इस पर पीड़ित ने फिर से अनिल टंडन को फोन किया तो आरोपित ने ई मेल करवाने के शुल्क के नाम पर और रुपये मांगे आरोपित ने खुद को सेना में होने का दिया था झांसा गाड़ी की डिलीवरी के नाम पर की गई ठगी, अपराध दर्ज।

मादक पदार्थ बेचती थी, जेल गई

भिलाई,29 नवंबर। दुर्ग शराब गांजा व अन्य मादक पदार्थ बेचने वाली बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी महिला आरोपित दुर्गा अम्मा को दुर्ग संभागायुक्त ने छह माह के लिए केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध किए जाने का आंदेश दिया है पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर संभागायुक्त द्वारा उक्ताशय का आदेश जारी किया गया दुर्गा अम्मा के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के दो मामले पर कार्रवाई की गई है एक मामले पर दो माह तीन दिवस के सश्रम कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है दूसरा प्रकरण विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस के न्यायालय में विचाराधीन है पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के मुताबिक दुर्गा अम्मा जेल से छूट जाने के पश्चात लगातार मादक पदार्थ खरीदी बिक्री में संलिप्त रही हैं वह खुर्सीपार थाना क्षेत्र में लुकै-छिपकर अपने अवैध कार्यों को संचालित करती आ रही है। साथ ही अचानक वारदात कर फरार हो जाती है। लड़कों को अपने प्रभाव में लेकर नशे का आदी बनाकर आपराधिक गतिविधियों की ओर प्रवृत्त कर रही है। उसकी आपराधिक कृत्यों के डर का प्रभाव सरहदी जिला राजनांदगांव, बालोद, रायपुर, कबीरधाम, बेमेतरा में भी परिलक्षित हो रहा है दुर्गा अम्मा के विरूद्ध खुर्सीपार थाना में नोरकोटिक्स एक्ट के तहत दो प्रकरण दर्ज हैं आपराधिक प्रकरणों में गिरफ्तार होने के बाद भी वह कुख्यात होकर आपराधिक प्रवृत्ति की ओर बढ़ रही है तथा समाज एवं लोक व्यवस्था के लिए खतरा बन चुकी है संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने 27 नवंबर को दुर्गा अम्मा को केंद्रीय जेल दुर्ग में छह माह के लिए निरूद्ध करने के आदेश दिए हैं

दुर्ग में कैम्प कोर्ट का आयोजन

भिलाई, 29 नवंबर। भिलाई विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट, रायपुर के द्वारा रेलवे स्टेशन दुर्ग में कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया इस दौरान अनाधिकृत पार्किंग, अनाधिकृत वेंडिंग और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई दुर्ग आरपीएफ पोस्ट टीआई संजय सिन्हा ने बताया कि कुल 20 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर माननीय रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जिन्हें माननीय रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा कुल रू 4000/- के आर्थिक दंड से तथा न्यायालय के उठने तक की सजा दी गई भविष्य में भी आरपीएफ दुर्ग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही की जाती रहेगी ।

75 लीटर डीजल की चोरी

भिलाई, 29 नवंबर। भिलाई चरोदा नगर निगम कार्यालय के पीछे स्थित निगम के वाहन शाखा से तीन ट्रैक्टर की टंकी से करीब 75 -. लीटर डीजल की चोरी हो गई। इतना ही नहीं चोरों ने - इन वाहनों में लगी बैटरी भी चोरी कर ली चोरों ने सक्शन मशीन का स्टेपनी भी चोरी कर ली घटना की जानकारी लगने पर सुबह महापौर निर्मल कोसरे, आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत ने वाहन शाखा का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि चोर दिवार फांद कर पहुंचे थे, वहीं बातर निकलने के लिए ट्राली के टूटे डोर को दीवार पर टीकाकर भाग निकले ।

हरित इस्पात प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने सेल और जॉन कॉकरिल ने किया समझौता

भिलाई, 29 नवंबर। भारत की महारत्न और सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वैश्विक जॉन कॉकरिल समूह की भारतीय शाखा जॉन कॉकरिल इंडिया लिमिटेड (जेसीआईएल) के साथ 28 नवंबर को मुंबई में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। सेल के निदेशक अनिल कुमार तुल्सीआनी और जॉन कॉकरिल इंडिया लिमिटेड के मेटल्स डिवीजन के प्रबंध निदेशक माइकल कोटास ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के फोकस क्षेत्र कार्बन स्टील, ग्रीन स्टील और सिलिकॉन स्टील के लिए कोल्ड रोलिंग और प्रोसेसिंग होंगे, जिसमें विशेष रूप से कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरिएंटेड और कोल्ड रोल्ड नॉन-ओरिएंटेड स्टील्स शामिल रहेंगे। इसके अलावा, इस साझेदारी का उद्देश्य लौह और इस्पात उत्पादन प्रक्रियाओं में हरित प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करना और दक्षता एवं सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाने के लिए उन्नत इस्पात उत्पादन प्रौद्योगिकियों को शामिल करना है।

अवैध तरीके से शराब,गांजा बेचने वालों की अब खैर नहीं,पुलिस दे रही है संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 29 नवंबर। कबीरधाम जिले में अवैध तरीके से शराब व गाँजा के साथ अन्य नशीले पदार्थ का बिक्री कर अवैध धन अर्जित करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा उप. पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सख्त उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है। साथ ही गाँव-गाँव तक पुलिस टीम के द्वारा जाकर आम जनों से मुलाकात कर ग्राम कोटवारों के माध्यम से ग्राम में मुनादी भी कराई जा रही है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला के द्वारा थाना पिपरिया क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराया गया। जिससे असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि अवैध शराब का बिक्री कर अवैध धन अर्जित करने वाले अपराधिक तत्वों की खैर नहीं होगी, उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध शराब व गाँजा के साथ अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री एवं परिवहन करने व जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए पूर्व में गिरफ्तार होकर जेल जा चुके अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सख्त हिदायत देते हुए किसी भी अवैधानिकृत में शामिल नहीं होने हिदायत दिया गया है। इस अवसर पर थाना प्रभारी पिपरिया निरीक्षक श्री कमलाकांत शुक्ला एवं थाना पिपरिया पुलिस टीम, ग्राम कोटवार, व अधिक संख्या में ग्रामवासी महिला पुरुष बच्चे उपस्थित रहे।

यातायात नियम का पालन ना करने पर हुई चालानी कार्रवाई

कवर्धा, 29 नवंबर। जिला एस पी धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर ओर यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो के मार्गदर्शन में ए एस आई विक्रांत गुप्ता सहित यातायात के स्टाफ भारत माता चौक ओर लालपुर रोड के पास जो यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रहे थे उन पर चालानी कार्यवाही की गई ओर कई युवाओं को समझाइश दी गई की हेलमेट पहनकर ओर लाइसेंस रखकर गाड़ी चलाए ओर तेज गति से गाड़ी ना चलाए ।

कन्वर्टर शॉप एसएमएस-2 में ऑटो-कपलर सिस्टम का उद्घाटन

भिलाई, 29 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 ने ऑपरेशन कार्य प्रणाली में सुरक्षा संबंधी सुधारों को बेहतर करने के लिए ऑटो कपलर सिस्टम लगाने की योजना बनाई है। ऑटो कपलर को इन-हाउस संसाधनों के माध्यम से कनवर्टर ए और लेडल नंबर 28 की स्टील कार में फिट किया गया है और सफलतापूर्वक परीक्षण किए गए हैं। एसएमएस-2 के कन्वर्टर 'ए' में नव स्थापित ऑटो-कपलर सिस्टम का उद्घाटन, भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा 28 नवंबर को किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार और कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार उपस्थित थे। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक एसके घोषाल और एसएमएस-2 के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण इस उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पशुधन के रखरखाव के लिए कर्मचारियों को दी हिदायत

भिलाई, 29 नवंबर। नगर पालिक निगम भिलाई कोसा नगर क्षेत्र में शहरी कांजी हाउस का संचालन किया जा रहा है। जिसमें सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुधन को रखा गया है। जिनके हरा चारा, पानी, चिकित्सा आदि की सुविधा निगम भिलाई एवं जिला प्रशासन द्वारा प्रदाय किया जा रहा है। वर्तमान में वहां पर सैकड़ों पशुधन हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय गायों को प्रदान किये जा रहे हरा चारा, पानी, चिकित्सा एवं उनके रखरखाव आदि को देखने के लिए सुबह 7.30 बजे कांजी हाउस पहुंचे। कांजी हाउस संचालित करने वाली एजेंसी के वर्करो से बात किये, सबको हितदायत दिये की पशुधन के हरा चारा, पानी एवं चिकित्सा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। किसी प्रकार की शिकायत आने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही वहां उत्पादित किये जा रहे खाद का भी निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान वाहन शाखा डिपो में जाकर वाहनो का रखरखाव, वहां की स्थिति एवं सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त किये। जो भी वहां पर पुराने अनउपयोगी वाहन सामग्री इत्यादि पड़ी है, उसको नियमानुसार प्रक्रिया के तहत निलामी करने के निर्देश भी दिये। सुपेला आकाश गंगा थोक सब्जी मंडी सुलभ शौचालय आदि का निरीक्षण करते हुए जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को आवश्यक सुझाव दिये। थोक व्यापारी समिति के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओ से भी सफाई में सहयोग करने की बात कही। कि मंडी से निकलने वाले जितने भी कचरे हैं, उनको इधर-उधर सड़क पर न फेंककर नगर निगम की सफाई गाड़ी 11 बजे आती है उसी में कचरा एकत्र कर डालें एवं सबसे सहयोग हेतु अनुरोध भी किये। भ्रमण के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, जोन सुपरवाइजर कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

ग्राम धौराभाठा में आयोजित बांस हस्तशिल्प प्रशिक्षण का समापन

भिलाई, 28 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आदर्ष इस्पात ग्राम धौराभाठा, विकासखंड पाटन में महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से तीन माह तक बांस हस्तशिल्प कला का प्रशिक्षण दिया गया। समापन 26 नवम्बर को सहायक महाप्रबंधक सुश्री जीएमवी पद्मिनी कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक श्री सी एस केहरी, ग्राम पंचायत धौराभाठा की सरपंच श्रीमती बिन्देश्वरी मेश्राम, उप प्रबंधक कमलकांत वर्मा सहित प्रशिक्षु महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे। समारोह में प्रशिक्षु महिलाओं को बांस हस्तशिल्प कला का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर विभाग के सोनी द्वारा तथा संयोजन बुधेलाल द्वारा किया गया।

पहली छमाही प्रदर्शन की समीक्षा, निदेशक प्रभारी ने कर्मचारियों से की बातचीत

भिलाई, 29 नवंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के व्यवसाय उत्कृष्टता विभाग (बीई) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के (एच-1) पहली छमाही प्रदर्शन की समीक्षा पर 27 नवंबर को महात्मा गांधी कला मंदिर में लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन का आयोजन किया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न वर्गों के कार्मिकों को संबोधित किया। उन्हें उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, कार्यपालक निदेशक डॉ रवींद्रनाथ एम, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार और कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारीगण और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

आयुक्त की पहल पर बोरिया मार्केट में आधुनिक शौचालय का निर्माण प्रारंभ

भिलाई, 29 नवंबर। नगर पालिका निगम भिलाई के भिलाई स्टील प्लांट क्षेत्र में स्थित सेक्टर 4 बोरिया मार्केट में आधुनिक सर्व सुविधायुक्त सार्वजनिक शौचालय का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिले में पहली बार इस प्रकार का 10 सीट वाला शौचालय बन रहा है, जो बायोडिग्रेडेबल, पूरी तरह से आधुनिक, प्रदूषण मुक्त होगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इसका निर्माण किया जा रहा है। बोरिया मार्केट के पास सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोगों को तकलीफ हो रहा था। विशेष करके मार्केट के व्यवसायी, आने जाने वाले नागरिक, भिलाई स्टील प्लांट में कार्य करने वाले कर्मी, ठेका कर्मचारी, वहां पर गाड़ी खड़ा करने वाले ट्रक, डंपर आदि को परेशानी हो रही थी। गौरतलब है कि नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी आधुनिक शौचालय के निर्माण हेतु ले-आउट करने जाते थे। कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से विरोध किया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आने के बाद उनके द्वारा पहल किया गया। भिलाई स्टील प्लांट एवं पुलिस बल की सहयोग हेतु पत्र लिखा गया। आज पुलिस बल के सहयोग से लेआउट करके कार्य प्रारंभ कराया गया। स्थानी व्यापारियों एवं लोगों को जो परेशानी थी उसके बारे में उन्हें समझाया गया। केंद्र सरकार के सहयोग से सर्व सुविधा युक्त आधुनिक शौचालय निर्मित हो रहा है। इस प्रकार का शौचालय सबके लिए बहुत उपयोगी होगा। भिलाई-दुर्ग क्षेत्र में नई पद्धति से आधुनिक प्रकार का शौचालय पहली बार बन रहा है। अंत में सबके सहमति से शौचालय के ले-आउट करके निर्माण शुरू किया गया। कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, अभियंता बसंत साहू, दीपक देवांगन, भिलाई स्टील प्लांट के अतिक्रमण हटाओ दल, भट्टी थाने से पुलिस बल की उपस्थिति में कार्य संपादित करवाया गया।।

बाल विवाह रोकथाम के लिए स्कूल, कॉलेजों में दिलाई गई शपथ

दुर्ग, 29 नवम्बर । भारत सरकार के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु समाज के सभी वर्गों यथा पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों, स्कूल और कालेज प्राचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्रायें, एएनएम, मितानीन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक के अधिवक्ता, कानूनी सलाहकार, पुलिसकर्मी, आंगनबाडी कार्यकर्ता, ओएससी, डब्ल्यूएचएल, बाल देखरेख संस्थायें, एचईडब्ल्यू, आजिवीका मिशन, स्व सहायता समूह, स्वयं सेवी संगठन एवं धर्म प्रमुखों अभियान में सक्रिय भागीदारी की गई है।ज्ञातव्य है कि ÷बाल विवाह मुक्त भारत अभियान÷ का शुभारंभ भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री द्वारा 27 नवंबर 2024 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में शुभारंभ किया गया।

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह रोकथाम एवं जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विगत दिवस विभिन्न शासकीय व अशासकीय स्कूलों और कालेजों में जाकर बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत शपथ ग्रहण दिलाई गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमती प्रीति डांगरे, श्रीमती लोकमणी साहू, सुश्री रत्ना पाध्ये, श्रीमती सीता कनोजे, श्रीमती विभा यादव एवं चाईल्ड हेल्प लाईन से श्री आशीष साहू, श्री चन्द्रप्रकाश पटेल, श्रीमती भारती चौबे, श्री बजरंग बिसेन, श्रीमती सविता साहू श्रीमती ललिता मानिकपुरी शामिल हुए। जिले के विभिन्न स्कूलों और कालेजों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया। शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने बाल विवाह रोकथाम की शपथ ली। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में बाधा डालता है। बच्चों को यह भी जानकारी दी गई की बाल विवाह की सूचना व जानकारी प्राप्त होने पर 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन दुर्ग में संपर्क कर सकते।

संपदा न्यायालय के आदेश पर बीएसपी ने पूर्व अधिकारियों के रिटेंशन आवास को भी किया सील

भिलाई, 28 नवंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा संपदा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में रिटेंशन आवास को भारी पुलिस बल और कार्यपालक मजिस्ट्रेट विश्वामित्र दीवान की उपस्थिति में समान जप्त कर आवास को सील किया गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त आवास को बीएसपी के पूर्व प्रबंधक एम आर ठाकुर को सेवानिवृत्ति के पश्चात 1 अगस्त 2014 से 31 जुलाई 2016 तक रिटेंशन हेतु प्रबंधन द्वारा अनुमति प्रदान किया गया था। रिटेंशन समय समाप्ति के पश्चात भी ठाकुर द्वारा आवास खाली नहीं किया गया था। तत्पश्चात संपदा न्यायालय द्वारा 2017 में डिक्री पारित की गई। उसके पश्चात भी ठाकुर द्वारा हठधर्मिता दिखाते हुए आवास खाली नहीं किया गया।

छत्तीसगढ़ में 147 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी चित्रोत्पला फिल्म सिटी:मुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस पर प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात

रायपुर, 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ में 147 करोड़ रूपए की लागत से चित्रोत्पला फिल्म सिटी बनेगी। इसके लिए भारत सरकार ने 147 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा में दिए गए अपने सम्बोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार द्वारा फिल्म सिटी के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण से छत्तीसगढ़ी फिल्मों, छत्तीसगढ़ी नाटकों को प्रोत्साहन तो मिलेगा ही, साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मान से विभूषित छत्तीसगढ़ की विभूतियों को दी जाने वाली सम्मान राशि प्रतिमाह 5 हजार रूपए से बढ़ाकर 10 हजार रूपए करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। छत्तीसगढ़ी गुरतुर भाषा है, जो हमें आपस में दिल से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने में छत्तीसगढ़ी फिल्मों का भी बड़ा योगदान

है। मुख्यमंत्री ने साहित्य परिषद में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के विलय की समाप्ति की घोषणा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग राजभाषा छत्तीसगढ़ी को बढ़ावा देने का कार्य करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का साहित्य परिषद में विलय कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा को समृद्ध करने वाले छह साहित्यकारों को शॉल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखित 12 पुस्तकों का विमोचन भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को लोकप्रिय बनाने और राजभाषा का सम्मान देने के लिए यह जरूरी है कि हम छत्तीसगढ़ी भाषा में बातचीत करें और नई पीढ़ी को भी छत्तीसगढ़ी बोलना सिखाए। उन्होंने साहित्यकारों से छत्तीसगढ़ी भाषा में उपन्यास, कविता और इतिहास का लेखन करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सदस्य छत्तीसगढ़ी में अपना सम्बोधन दे सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सांसद के रूप में वे छत्तीसगढ़ी को संविधान की आठवें अनुसूची में शामिल कराने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे और डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी., संचालक संस्कृति एवं राजभाषा श्री विवेक आचार्य ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा में सम्बोधन दिया। राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने बताया कि आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ी में 2700 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। आयोग द्वारा अब तक छत्तीसगढ़ी भाषा की 1400 पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है।

एक नजर

कांग्रेस पूरे 60 दिन तक चलाएगी संविधान रक्षक अभियान: भागवत साहू

राजनांदगांव 29 नवंबर। भारतीय संविधान के 75 वर्ष होने के उपलक्ष में पूरे देश में संविधान

दिवस मनाया जाने के बाद कांग्रेस अब संविधान रक्षक अभियान 26 नवंबर से 26 जनवरी तक याने पूरे 60 दिन के लिए चल रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि इस 2 महीने के अभियान में पांच प्रमुख विषयों को आम जनता के समक्ष रखा जाना है और प्रत्येक विषय के लिए 10 दिन की अवधि निर्धारित है। श्री साहू ने सभी पांच विषय की जानकारी इस प्रकार दी है। 1. संविधान और समानता की लड़ाई रायपुर - भारत में असमानता और इसे संबोधित करने में भाजपा की विफलता पर ध्यान दें। एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों, गैर-अधिसूचित जनजातियों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ, हाशिए पर रहने वाले समुदायों की स्थिति खराब करने वाली नीतियों को उजागर करें। जिला एवं ब्लाक स्तर पर संविधान रक्षक अभियान का शुभारंभ 26 नवम्बर 2024 से करते हुये आगामी 26 जनवरी 2025 तक उपरोक्त दिये गये विषयों पर स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमो का आयोजन करे और कार्यक्रम में जिला प्रभारी पदाधिकारी, स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद / पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक / पूर्व प्रत्याशी / पूर्व विधायकों, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष / पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन / प्रकोष्ठ / विभाग के जिला / ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षिति सदस्यों, नगरीय निकाय/ त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति सुनिश्चित करे साथ ही विशेष रूप से एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों, गैर-अधिसूचित जनजातियों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित हाशिए पर रहने वाले समुदाय को शामिल करते हुये रैलिया, घर-घर पहुचकर, मिडिया और स्थानीय स्तर पर विभिन्न चर्चाओ के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यक्रम को सफल बनावे। कार्यक्रम पश्चात विस्तृत प्रतिवेदन से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत करावें।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 10 दिसम्बर तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव 29 नवंबर। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 20 नवम्बर 2024 से 10 दिसम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 30 नवम्बर को रानी जोतकुंवर वार्ड नं. 50 के लिये सार्वजनिक मंच गौठान सिंगदई में व शिवनाथ वार्ड नं. 51 के लिये सामुदायिक भवन हरदी में, 2 दिसम्बर को राजीव वार्ड नं. 42 के लिये पार्षद कार्यालय राजीव नगर में, सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगन बाडी भवन फिरंतीन मंदिर के पास बसंतपुर में व बसंतपुर वार्ड नं. 46 के लिये सामुदायिक भवन हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर में एवं 3 दिसम्बर को गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 के लिये व सर्किट हाउस वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में तथा झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अक्टूबर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

हत्या करने की नीयत से हमला करने वाला गिरफ्तार

राजनांदगांव 29 नवंबर। प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 28.11.2024 को प्रार्थी का पिता दयाराम साहू गांव के मजदुर अगरदास साहू को साथ मे पेड़ काटने के लिए दिखाने तेलहाखार ले गया था एक दिन पहले भी पेड़ काटने गया था जिसमे से एक पेड़ छुट गया था उसी को दिखाने काटने मजदुरी की बात पर विवाद हो गया था विवाद होने से आहत दयाराम साहू से झगड़ा विवाद कर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे टंगिया से सिर, दाहिने गाल, कान के नीचे प्राणघातक वारकर घायल कर दिया कि रिपोर्ट पर धारा 296,109(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुरभाष के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना दिया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर आरोपी की पता साजी हेतु तत्काल ग्राम भाठागांव रवाना किया गया पतासाजी कर विश्वस्त मुखबीर कि सूचना पर आरोपी को गांव के बाहरी खार मे छीपे होने की प्राप्त होने पर तत्काल दबीश देकर आरोपी को खार मे घेराबंदी कर पकडा गया, कड़ाई से पुछताछ करने पर आरोपी अगरदास साहू पिता पुनुदास साहू उम्र 50 साल साकिन भाठागांव पुलिस चौकी चिखली द्वारा अपराध करना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त लोहे की टंगिया को जप्त कराया बाद आरोपी को विधिवत गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, म.प्र.आर. वंदना पटले, प्र.आर. अरविंद साहू, समारूराम सर्पा, आर. सुनील बैरागी, मिर्जा असलम, देवेन्द्र ब्रम्हणकर का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

भाजपा सरकार में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वरदान साबित हो रही है:किरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 29 नवंबर। जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्लूबंजारी मे मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। विवाह का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर पूजा अर्चना व पुष्प अर्पित कर किया गया। और पूरे रस्मो रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कुल 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने सभी नवयुगल जोड़ी सदैव जीवन पथ पर प्रेम स्नेह पूर्वक दाम्पत्य जीवन का निर्वहन करें ऐसी मंगलकामनाएं की। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2003 में भाजपा की सरकार बनी तब तत्कालीन मुख्यमंत्री डा रमन सिंह जी द्वारा वर्ष 2005-06 में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत की गई थी। जो आज सभी के लिए वरदान साबित हो रही है। श्रीमती वैष्णव ने कन्या विवाह

योजना में शामिल होकर अपनी बेटे-बिटियो की शादी कराने वाले माता पिता को बधाई देते हुए कहा कि फैशन और मंहगाई की दौर में सभी बेटे- बिटियो का आदर्श विवाह संपन्न कराकर कर्ज के बोझ से बच सकते हैं। साथ ही कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य ललिता कंवर जिला भाजपा मंहामंत्री रविन्द्र वैष्णव व जनपद पंचायत सदस्य भुनेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजुलखर्ची को रोकना, सामूहिक विवाह के आयोजन से सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। इस अवसर पर मंडल मंहामंत्री संजय सिन्हा, संगीता यादव मंडल मंत्री, जनपद सदस्य जानकी साहू मीणा पुजारी हरीला चंद्रवंशी हेमीन साहू , डोमेन पटेल सरपंच, पुष्पा सिन्हा , विष्णु साहू, कौशल चंद्रवंशी, राजकुमार पटेल भावन सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल, सुमित्रा धुर्वे,समेत महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमति कमलावती मरकाम सहित समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

24वीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन होगा रायपुर में

रायपुर 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 24वें राष्ट्रीय वनवासी क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। 28 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक राजधानी में चलने वाली इस प्रतियोगिता में 40 से अधिक राज्यों के 1000 से अधिक वनवासी खिलाड़ी भाग लेंगे, जो इस क्रीड़ा प्रतियोगिता को ऐतिहासिक बनाने वाला है। 27 दिसंबर को सभी प्रतिभागियों का पंजीयन होना तय किया गया है। तीरंदाजी एवं फुटबॉल के खेल में शामिल होने वाले इन खिलाड़ियों को देश के कोने-कोने से चयन कर इस प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया है। राजधानी में होने वाले इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के इस वर्ष का आयोजन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से सम्बद्ध वनवासी विकास समिति के छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा किया जा रहा है। स्वागत समिति के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप एवं सचिव अमर बंसल हैं। समिति के स्वागत सदस्यों में प्रदेश के जाने-माने शिक्षाविद, चिकित्सक, चार्टेड एकाउंटेंट, खेल विशेषज्ञ, व्यवसायी समेत विविध क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोग शामिल हैं। इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह भी है कि इसमें देश के वनांचल क्षेत्रों के सैकड़ों ऐसे खिलाड़ी भी होंगे जो पहली बार ट्रेन का सफर कर रायपुर जैसे शहर में पहुंचेंगे। उत्तर पूर्वी राज्यों के अंदरूनी क्षेत्रों से लेकर अंडमान-निकोबार द्वीप के खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेने आ रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न प्रान्तों के खिलाड़ियों के साथ-साथ नेपाल के भी जनजातीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो राजधानी के मैदानों में अपनी प्रतिभा को दिखाएंगे। प्रतियोगिता के विभिन्न आयोजनों को साइंस कॉलेज के मैदान, रविवि के खेल विभाग के मैदान एवं कोटा स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

समाचार संक्षेप

महाराष्ट्र से लाया जा रहा 40 कट्टा अवैध धान जब्त

राजनांदगांव 28 नवम्बर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी (पाटेकोहरा) पर चेकपोस्ट बनाया गया है, जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसी कड़ी में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बेंदाड़ी चेक पोस्ट में महाराष्ट्र राज्य से वाहन में लाया जा रहा 40 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने बताया कि बेंदाड़ी चेक पोस्ट में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान अवैध धान की जानकारी मिली। जिसमें 40 कट्टा अवैध धान पाया गया। जप्त धान को छुरिया थाना में अभिरक्षा के लिए दिया गया है। जप्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। महाराष्ट्र से अवैध धान खपाने के लिए ग्राम झाडीखैरी के किसान के घर धान का परिवहन किया जाया जा रहा था। जप्ती कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार श्री विजय कुमार साहू, सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमती हेमा नाग, खाद्य निरीक्षक गरिमा सोरी और प्रतिमा खुटे उपस्थित थी। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं राजस्व विभाग द्वारा जिले में अवैध धान खरीदी एवं बिक्री करने वाले कोचियों, बिचौलियों और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री व नांदगांव के लाडले अकरम को डॉक्टर की मानद उपाधि

राजनांदगांव 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ के डॉ. रमन सरकार के समय मंत्री का दर्जा प्राप्त राजनांदगांव के लाडले सपूत अकरम कुरैशी को समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टर की उपाधि मिली है। इस बहुत बड़े उपलब्धि से राजनंदगांव की जनता गौरवान्वित हुई है। सर्वधर्म समभाव के आदर्श पर चलने वाले जनाब कुरेशी को जितना विशिष्ट सम्मान मिला है। वे उतने ही सरल व्यक्तित्व की धनी हैं। छत्तीसगढ़ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व

महामंत्री और वर्तमान में मोर्चा के बस्तर संभाग प्रभारी तथा छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अकरम कुरैशी को डिस्प्रिन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा भिलाई कांवोकेशन समाज कल्याण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पित भाव से काम करने के लिए डॉक्टर ऑफ ह्यूमन एंड सोशल सर्विस के क्षेत्र में डॉक्टर की मानक से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए जनाब कुरैशी ने यूनिवर्सिटी को तहेदिल से शुक्रिया अदा किया है। जानकारी के अनुसार मोहम्मद अकरम कुरैशी को डेस्प्रिंग इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा भिलाई कांवोकेशन में समाज कल्याण एवं समाज सेवा के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए डॉक्टर ऑफ ह्यूमन एन्ड सोशल सर्विस के क्षेत्र में डॉक्टर कि मानक उपाधि से सम्मानित किया गया।

कुलबीर ने नवदम्पतियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

राजनांदगांव 29 नवंबर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत जिला महिला बाल विकास विभाग द्वारा सतनाम भवन में गुरूवार 28 नवंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस

कमेटी के अध्यक्ष व जिला तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संरक्षक कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शामिल होकर नव दंपत्तियों को भेंट स्वरूप रामचरित मानस एवं उपहार भेंट कर नव विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद दिया व हनक उज्ज्वल सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने 12 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आज के समय में प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह के लिए लोगों को प्रेरित करना और सफल बनाना बड़ा ही सराहनीय कार्य है। इससे ना केवल बेवजह के व्ययों से बचा जा सकता है बल्कि समाज मे एक अच्छा संदेश भी जाता है। उक्त आयोजन के लिए विभाग को शुभकामनाएं देते हुए कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मैं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देता हूं। आज के दौर में फिजुलखर्ची शादी का प्रचलन बढ़ गया है जिसके कारण गरीब माता-पिता अपने बच्चों की शादी के लिए काफी चिंतित रहते है। ऐसे समय में शासन-प्रशासन द्वारा एक पालक की भूमिका व जिम्मेदारी निभाते हुए सामूहिक विवाह कराना बड़ा ही नेक कार्य है।

श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ, स्थायीकरण और बारिक कमेटी में शामिल होने कसेगा कमर: हारुन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छूरिया 29 नवंबर। श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिक पुरी ने कहा है कि स्थाईकरण और बारिक कमेटी में सदस्य बनाने की मांग को लेकर संघ काम कर रही है। जिसे लेकर संघ के महिला, पूरुष कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने बताया कि संघ, छत्तीसगढ़ विधानसभा के क्षेत्रीय विधायकों के माध्यम से शीतकालीन सत्र में ध्यानाकर्षण प्रश्न लगाकर सामान्य प्रशासन विभाग से अनियमित कर्मचारियों एवं श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारियों के हित में जानकारी मांगेगी कि मोदी की गारंटी में अनियमित कर्मचारियों के समस्या, मांगों के लिए कमेटी बनाने का वादा किया है? हां/नहीं (2) उपरोक्त कमेटी में अनियमित कर्मचारियों को सदस्य बनाने का वादा भी किया गया है? हां/नहीं (3) संविदा -पूर्णकालिक राज्य योजना, संविदा पूर्णकालिक केन्द्रीय योजना, संविदा अंशकालिन, संविदा -जाबदर, संविदा - मानदेय, श्रम आयुक्त दर -पूर्णकालिक राज्य योजना,श्रम आयुक्त दर पूर्णकालिक केन्द्रीय योजना,श्रम आयुक्त दर -मानदेय, कलेक्टर दर -पूर्णकालिक राज्य योजना, कलेक्टर दर -

पूर्णकालिक केंद्रीय योजना, कलेक्टर दर -अंशकालिन, कलेक्टर दर -जाबदर, कलेक्टर दर मानदेय,आऊट सोर्सिंग -राज्य योजना,आऊट सोर्सिंग - केंद्रीय योजना, प्लेसमेंट -राज्य योजना, प्लेसमेंट - केंद्रीय योजना,ठेका- राज्य योजना,ठेका -केंद्रीय योजना, सहित अनेक प्रकार के अनियमित कर्मचारी विभिन्न 57 विभाग,40 निगम मंडल,आयोग, बोर्ड, सोसायटी, सहकारिता,मिशन में कार्यरत हैं। उनमें किन-किन प्रकार के कर्मचारियों को सदस्य बनाया जाएगा। अनियमित कर्मचारियों की कुल सदस्य संख्या कितनी होगी? श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी बताया कि ध्यानाकर्षण प्रश्न के माध्यम से यह भी पूछा जाएगा कि कमेटी में अनियमित कर्मचारियों को सदस्य बनाने के मापदंड क्या होंगे? बारिक कमेटी में सदस्य, अनियमित कर्मचारियों को कब तक बना लिया जाएगा।

देवभोग मंडल भाजपा ने डॉक्टर अरविन्द नाथ तिवारी को बनाया बूथ अध्यक्ष

रायपुर 29 नवंबर। देवभोग. आज भाजपा देवभोग मंडल जिला देवभोग द्वारा शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 248 का बूथ अध्यक्ष श्री डॉक्टर अरविन्द नाथ तिवारी का सर्व सम्मति से नियुक्त किया गया। देवभोग शक्ति केंद्र चुनाव प्रभारी श्री रंजीत पात्र जी, सहचुनाव प्रभारी श्री अनिल बेहेरा जी, वरिष्ठ पदाधिकारी श्री सुधीर पटेल जी, जनपद सदस्य देवभोग श्री होरीलाल साहू जी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमति शीतला पाण्डेय, आरटीआई प्रकोष्ठ जिला सदस्य श्रीपदुलोचन मरकाम, श्री प्रमोद कुमार मिश्रा, श्री जयविलास शर्मा जी, श्री संजय साहू,डॉ.श्री विक्की तिवारी, श्री राजेन्द्र मरकाम,श्री कमलेश अवस्थी,श्री सुशील यादव, श्री राज कुमार यादव, श्री जितेश सिंहा, श्री झजकेतन ठाकुर, श्री देवानंद यादव, श्री श्रीधर मांझी, श्री जयराम यादव, श्री श्री पीतम यादव, श्री आकाश अवस्थी, श्री दीनदयाल सोनी,श्री यशवंत यादव, श्री प्रशांत मंडल, श्री कैलाश मांझी, श्री सीताराम सोनी, श्री मोहन यादव, श्री महेश यादव,श्री दिग्विजय पांडे, श्री तुलाराम यादव एवं समस्त बूथ के कार्यकर्ताओं के उपस्थित में चुनाव संपन्न किया गया।

मोहारा रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे चला प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्ती अभियान

सिंगल यूज प्लास्टिक जब्ती की कार्रवाई जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 नवंबर। शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर को स्वच्छ सुंदर एवं पालीथिन मुक्त करने नगर निगम द्वारा प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये निगम का स्वास्थ्य अमला शहर के दुकानदारों व नागरिकों को साफ सफाई रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने समझाईस देने के साथ साथ कार्यवाही भी कर रहे है। कार्यवाही की कडी में आज स्वास्थ्य अमला ने मोहारा रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे के 15 दुकानदारों से 5 हजार रूपये जुर्माना वसूल, 15 बोरी पानी पाउच, 20 रीम डिस्पोजल व 9 सौ ग्राम पालिथीन की जप्ती किये।

प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये कार्यवाही के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि पर्यावरण संवर्धन एवं नागरिकों तथा जानवरों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य

में दुष्प्रभाव से बचाने शासन निर्देश के अनुक्रम में शहर के व्यापारियों एवं नागरिकों से प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नहीं करने, साफ सफाई रखने तथा कपड़े का थैला उपयोग करने समझाईस दी जा रही है तथा उपयोग पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आज निगम के स्वास्थ्य टीम ने मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे के 15 दुकानों पर कार्यवाही कर 5 हजार रूपये जुर्माना लगाये तथा 15 बोरी पानी पाउच, 20 रीम डिस्पोजल व 9 सौ ग्राम पालिथीन जप्त किये। इसी प्रकार कार्यवाही करते हुये गत दिनों गुरूद्वारा रोड के 10 फल ठेला वालों से 1 किलो 5 सौ ग्राम प्रतिबंधित पालिथीन जप्ती कर 1 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना लगाये थे। इसी तरह तुलसीपुर, ममता नगर व मोतीपुर के किराना व अन्य व्यवसायियों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये कार्यवाही कर 10 दुकानदारों से 5 हजार 7 सौ रूपये जुर्माना वसूल कर 4 किलो पालिथीन, डिस्पोजल की जप्ती बनाये। उक्त कार्यवाही जारी रहेगी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि आज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर सीधा प्रभाव पड रहा है, जिसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर भी हो रहा है। साथ ही जानवर के पालीथिन खाने पर उनके शरीर पर भी दुष्प्रभाव पड रहा है। इन बातो को ध्यान में रखकर शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसे ध्यान में रखते हुये हमे भी इस कार्य में सहयोग करना है। उन्होनें सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करे, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर जूट से बने थैले का उपयोग करने तथा अपने घर व उसके आस पास साफ सफाई रखने की अपील की है।

संपादकीय

इसी तरह निभाया जाता है गठंबंधन धर्म

बहुत सारे दल गठबंधन तो बना लेते है कि इसके बन जाने से वह चुनाव जीत जाएंगे लेकिन उनको गठबंधन धर्म निभाना नहीं आता है। उनको पता नही रहता है कि गठबंधन धर्म का मतलब होता है, एक दूसरे पर भरोसा करना, एक दूसरे का सम्मान करना,चुनाव मिलकर जीतने की कोशिश करना। अगर एक दूसरे पर भरोसा नहीं है,एक दूसरे का सम्मान नहीं है, मिलकर चुनाव जीतना नही है तो गठबंधन का कोई मतलब नहीं रह जाता है क्योंकि वह नाम को गठबंधन रह जाता है जैसे कि इंडी गठबंधन,महाविकास अगाड़ी। यदि गठबंधन के दल एक दूसरे पर भरोसा करते हैं, एक दूसरे का पूरा सम्मान करते है, चुनाव मिलकर लड़ते हैं तो उस गठबंधन को ऐसी सफलता मिलती है कि लोगों को यकीन नहीं आता है कि कोई गठबंधन इस तरह भी जीत सकता है। महाराष्ट्र में महायुति सही मायने में एक ऐसा गठबंधन है, जिसकी मिसाल आने वाले दिनों में दी जाती रहेगी। जब से महायुति बनी है, सब एक दूसरे का सम्मान करते रहे, एक दूसरे पर भरोसा करते रहे,चुनाव जीतने का वक्त आया तो एक साथ मिलकर चुनाव लड़ा और ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। महाराष्ट्र की महायुति में तीन नेता हैं, एक भाजपा के देवेंद्र फडणवीस, शिवसेना के एकनाथ शिंदे, तीसरे एनसीपी के अजीत भारती। तीनों ने ढाई साल गठबंधन धर्म निभाकर एक मिसाल पेश की है। देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के कई बार सीएम रह चुके हैं, उनको भाजपा आलाकमान की तरफ से कहा कि आपको डिप्टी सीएम बनना है,वह भी एकनाथ शिंदे के नीचे। देवेंद्र ने बड़ा दिल दिखाया और वह डिप्टी सीएम बने और ढाई साल एकनाथ शिंदे को कभी एहसास नहीं होने दिया वह उनसे बड़े नेता है। उन्होंने शिंदे को पूरे ढाई साल सीएम के रूप में सम्मान किया। बदले में शिंदे ने बड़ा दिल दिखाते हुए देवेंद्र के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी। दोनों ने ढाई साल ऐसे सरकार चलाई जैसे वह एक ही दल के नेता है। वह एक गठबंधन के नेता थे लेकिन गठबंधन में एक दल के नेता के रूप में रहे। भाजपा आलाकमान ने शिंदे को जब सीएम बनाने का फैसला किया था तो सब चौंक गए थे कि यह कैसा फैसला किया गया है। शिंदे को बाला साहेब की विरासत व हिंदुत्व की विचारधारा को सहेजने के लिए यह ईनाम भाजपा ने दिया था। उनको उध्दव ठाकरे से बड़ा नेता बनाना जरूरी था और भाजपा ने ऐसा करके दिखाया। भाजपा ने शिंदे को मौका दिया तो शिंदे ने ढाई साल में शानदार काम करके दिखाया। उसने महायुति की स्थिति को राज्य में मजबूत किया और खुद को उध्दव से बेहतर नेता साबित किया। भाजपा को एब मराठा नेता की जरूरत थी, यह जरूरत शिंदे ने पूरी कर दी है। महायुति की शानदार जीत में शिंदे का योगदान भी सराहनीय है, अजीत पवार को सहयोग भी सराहनीय है। अजीत पवार लोकसभा चुनाव में अच्छा परफार्म नहीं कर पाए तो महायुति में उनका सम्मान कम नहीं हुआ। किसी ने उनका अपमान नहीं किया। उनको गठबंधन के लिए बोझ नहीं समझा और परिणाम विधानसभा चुनाव में अजीत पवार ने अपने को साबित किया कि वह भी एनसीपी के बड़े नेता और ज्यादा सीटों पर चुनाव जीत सकते हैं। भाजपा चाहती तो शिंदे से कह सकती थी कि वह जो कहना है देवेंद्र फडणवीस के जरिए कह सकते हैं लेकिन नहीं पूरे ढाई साल शिंदे ने जब जी चाहा मोदी व शाह से सीधे बात की। दोनों ने उनकी बातें सुनीं और उनके साथ खड़े रहे। गठबंधन में एक दूसरे के प्रति सम्मानजनक व्यवहार किया जाता है तो उससे गठबंधन मजबूत होता है और गठबंधन के नेता गठबंधन के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाते है। महायुति की शानदार जीत के बाद भी तीनों नेताओं ने सीएम पद को लेकर कोई बयान नहीं दिया। तीनों ने यही कहा कि मोदी व शाह जो फैसला करेंगे वह उनको मंजूर होगा। शिंदे के साथ पीएम मोदी व शाह ने सम्मानजनक व्यवहार किया, उनपर भरोसा किया तो बदले में मौका आया तो शिंदे ने मोदी व शाह का सम्मान करते हुए उन पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह दोनो जो फैसला करेंगे वह उनको मंजूर होगा। अजीत पवार तो पहले ही कह चुके थे कि सीएम का जो भी फैसला किया जाएगा, वह उनको मंजूर होगा। इस तरह अजीत पवार ने गठबंधन धर्म का पालन किया। सब मानकर चल रहे थे कि शिंदे सीएम के मामले कोई अड़चन पैदा करेंगे लेकिन सबको हैरानी हुई जब शिंदे ने कह दिया कि उनकी तरफ से सीएम मामले में कोई अड़चन नहीं है। मोदी व शाह जो फैसला करेंगे उनको मंजूर होगा। यह मोदी व शाह की गठबंधन को चलाने का अपना तरीका है,इसमें वह जो चाहते है, वही होता है और सब वही करते भी हैं। क्योंकि सब जानते हैं कि मोदी के साथ रहने में फायदा है। मोदी के साथ रहने में गठबंधन के दलों को फायदा होता भी है। महायुति में भाजपा की शानदार जीत हुई तो शिंदे व अजीत की भी शानदार जीत हुई तो इसकी वजह यह है कि भाजपा की परफार्मेंस का लाभ सहयोगी दलों को मिलता है, मोदी की लोकप्रियता का लाभ सहयोगी दलों को मिलता है, नेताओं को मिलता है। चुनाव भाजपा खुद भी जीतती है और अपने सहयोगी दलों को जिताती भी है। इसका उदाहरण महाराष्ट्र का चुनाव है। भाजपा ने 135 सीटें जीती है, वह चाहती तो सीधे घोषणा कर सकती थी कि सीएम भाजपा का बनेगा लेकिन मोदी और शाह ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कोशिश की महायुति के सभी दलों को अपनी तरफ से कहना चाहिए कि सीएम भाजपा का बनना चाहिए। इससे ऐसा लगता है कि गठबंधन ने फैसला किया है कि महायुति की सरकार में सीएम भाजपा का बनेगा। गठबंधन है तो लगना भी तो चाहिए कि गठबंधन ने सीएम का फैसला किया है। भाजपा ने एमवीए के नेताओं की तरह सीएम पद के लिए कोई विवाद नहीं किया। आपस में फैसला किया कि महायुति का सीएम कौन बनेगा, यह आसानी से हो गया है।

सुरक्षा

डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत की पहली लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने 12 नवंबर 2024 को अपनी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। पहली उड़ान ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से उड़ाई गई। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल आधुनिक सैन्य शस्त्रागार में एक महत्त्वपूर्ण अतिरिक्त है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक सार्वभौमिक वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करता है, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। इसे मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिजाइन किया गया है, एक सार्वभौमिक वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करके, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। यह मिसाइल की बहुमुखी प्रतिभा और सटीकता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न गति और ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए जटिल युद्धाभ्यास करने में भी सक्षम है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है जो इसके प्रदर्शन और विश्वसनीयता को बढ़ाता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उन्हें पता लगाना और रोकना मुश्किल हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा में भेदने में रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग का परिणाम है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पहले एलआरएलएसीएम को एक मिशन मोड प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी थी, जिसे स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई थी। मिसाइल के सफल परीक्षण को भारत की रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है, विशेष रूप से लंबी दूरी के सटीक हमलों के क्षेत्र में। भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में आयोजित पहला परीक्षण एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से किया गया और यह एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि थी, क्योंकि मिसाइल ने योजना के अनुसार प्रदर्शन किया और सभी प्राथमिक मिशन लक्ष्यों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पर रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और इसके उड़ान पथ के साथ लगाए गए टेलीमेट्री उपकरण सहित सेंसर की एक सरणी का उपयोग करके बारीकी से निगरानी की गई थी। मिसाइल ने सटीक वेपॉइंट नेविगेशन का प्रदर्शन किया और अलग-अलग ऊंचाइयों और गति पर जटिल युद्धाभ्यास को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइलें आधुनिक सैन्य शस्त्रागार का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो रणनीतिक लक्ष्यों पर स्टैंड-ऑफ दूरी से लंबी दूरी के हमले करने में सक्षम बनाती हैं, जिसका अर्थ है कि मिसाइल को लक्ष्य से बहुत दूर लॉन्च किया जा सकता है, जिससे लॉन्च प्लेटफॉर्म और इसे संचालित करने वाले कर्मियों को नुकसान से सुरक्षित रखा जा सकता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और भूभाग से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उनका पता लगाना और अवरोधन करना कठिन हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा को भेदने में रणनीतिक लाभ मिलता है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल के अन्य उदाहरणों में यूएस टॉमहॉक और रूस की कैलिबर शामिल हैं, दोनों ही सटीक, लंबी दूरी के हमलों में अपने उपयोग के लिए जाने जाते हैं। बेंगलुरु में डीआरडीओ के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ADE) द्वारा विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल पूरी तरह से स्वदेशी परियोजना है। कुछ सेंसर और एक्सेलेरोमीटर को छोड़कर मिसाइल के सभी घटक स्थानीय रूप से सोर्स किए गए हैं। हैदराबाद में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (इउछ) और बेंगलुरु में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (इएछ) ने मिसाइल के एकीकरण और तैनाती में योगदान देते हुए विकास-सह-उत्पादन भागीदारों के रूप में सहयोग किया है। जमीन-आधारित और नौसैनिक तैनाती दोनों के लिए डिजाइन की गई, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल (वश्छट) का उपयोग करके मोबाइल ग्राउंड प्लेटफॉर्म और जहाजों से लॉन्च किया जा सकता है, यह एक सिस्टम है जिसे ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा पेटेंट किया गया है और यह पहले से ही 30 भारतीय नौसेना के जहाजों पर चालू है। यह मिसाइल एक रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा स्वीकृत मिशन मोड प्रोजेक्ट है जो स्वीकृति की आवश्यकता (AoN) के तहत है, जो इसके रणनीतिक महत्त्व पर जोर देता है। 1, 000 किलोमीटर से अधिक की योजनाबद्ध सीमा के साथ, यह मिसाइल भारतीय सशस्त्र बलों, विशेष रूप से नौसेना को अपनी समुद्री-स्किमिंग क्षमताओं के साथ महत्त्वपूर्ण ताकत देगी। मिसाइल के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए लगभग 20 अतिरिक्त परीक्षण उड़ानों की योजना बनाई गई है, जिसमें स्वदेशी रेडियो-फ्रीक्वेंसी सीकर के माध्यम से टर्मिनल होमिंग भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार, डीआरडीओ द्वारा मिसाइल के परीक्षण पूरे होने के बाद, भारतीय नौसेना लगभग 5, 000 करोड़ रुपये की कीमत की लगभग 200 लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का ऑर्डर दे सकती है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा अनुमोदित, एओएन द्वारा स्वीकृत मिशन मोड परियोजना है, जिसके सेवा में प्रवेश के लिए एक निर्धारित समय-सीमा है।

यह मिसाइल की बहुमुखी प्रतिभा और सटीकता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न गति और ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए जटिल युद्धाभ्यास करने में भी सक्षम है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है जो इसके प्रदर्शन और विश्वसनीयता को बढ़ाता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उन्हें पता लगाना और रोकना कठिन हो जाता है, जिससे दुश्मन की रक्षा में भेदने में रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग का परिणाम है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है। जीवनसाथी को करियर में अच्छा प्रमोशन मिलने से खुशी होगी। आपको किसी प्रॉपर्टी के चल अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांचना होगा। परिवार में किसी सदस्य की कोई बात आपको बुरी लग सकती है। आपके कार्यक्षेत्र में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होगी, तो आप उसे अपने विचारों से सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। कोई मित्र आपके लिए निवेश संबंधी प्लान लेकर आ सकता है। यदि आपने बिजनेस को लेकर कोई प्लान बनाया था, तो इस पर आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपके अंदर ऊर्जा भरपूर रहने से आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। आपको भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको सावधान रहना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। कोई सरकारी मामला यदि लटका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा। आपको अपने खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलनी होगी। परिवार के सदस्यों में यदि किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा है, तो वह भी दूर हो सकता है। आपकी अपने किसी विरोधी से वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामला आपको परेशान कर सकता है। आप वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने खर्चों पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप बिना वजह किसी दूसरे के मामले में ना बोले। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। आपको किसी काम को लेकर यदि समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको कोई शुभ सूचना सुनने को मिले, तो आप उसे तुरंत आगे ना बढ़ाएं। आपको अपने काम को लेकर नीति बनाकर चलना होगा। किसी की कहीसुनी बातों पर आपको भरोसा करने से कोई नुकसान हो सकता है। सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह भी आपसे वापस मांग सकते हैं। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होंगी। राजनीति में कार्यरत लोग अपने भविष्य को लेकर कोई प्लानिंग कर सकते हैं। आपको यदि किसी काम को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। विवाह में आ रही बाधा आपके किसी परिजन की मदद से सुलझ सकती है। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। प्रेम जीवन जी रहे जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने साथी से मुलाकात हो सकती है।

तुला- आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आप अपनी मेहनत से अच्छा मुकाम हासिल करेंगे, जिसे देखकर परिवार के सदस्यों को भी खुशी होगी। आपके भाई को नौकरी के लिए कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपका यदि कोई पुराना मतभेद चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आप धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको अपने मन में किसी के प्रति ईष्या की भावना नहीं रखनी है और बातचीत करते समय वाणी की मधुरता बनाए रखें।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार के सदस्यों में भी एकजुटता बनी रहेगी, जिससे कि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट चल रहा था, तो उसमें भी कमी आ सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ डेट पर जाने की योजना बना सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए तरोताजा रहने वाला है। सामाजिक गतिविधियों में आप पूरा सहयोग देंगे। आपके अंदर ऊर्जा भी बनी रहेगी। आप अपनी जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाएंगे। परिवार में यदि किसी बात को लेकर खटपट हो, तो आप उससे दूर ही रहें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके पिताजी आपके ऊपर कोई जिम्मेदारी डाल सकते हैं। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें ,तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी सेहत में यदि पहले से कोई समस्या थी, तो वह बढ़ सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। सामाजिक और धार्मिक आयोजन में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको कुछ अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी और आप परिवार में चल रही छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करना होगा, नहीं तो वह बड़ी हो सकती हैं। आप यदि कहीं घूमने जाएंगे, तो परिवार के सदस्यों को लेकर जा सकते हैं, जिससे पारिवारिक एकता बनी रहेगी। किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी की भी आप योजना बना सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्टमेंट करने के लिए अच्छा रहेगा, लेकिन आप उसमें किसी को पार्टनर ना बनाएं। आप अपने मन में सकारात्मक विचारों को रखें, क्योंकि आपके मन में नेगेटिव एनर्जी रहने से लड़ाई-झगड़ा अधिक रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप काफी समय अकेले में व्यतीत करेंगे, जिससे दोनों को एक दूसरे को जानने का मौका मिलेगा। कोई लड़ाई झगड़ा था, तो वह भी दूर होगा। वाहन चलाते समय आपको सावधान रहना होगा। आप अपने घर की सजा सज्जा पर भी पूरा ध्यान देंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप अपने कार्य-कुशलता से आज कार्यक्षेत्र में कोई अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आपको बॉस की ओर से भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई में काफी मेहनत करेंगे, जिससे उन्हें कोई अच्छी उपलब्धि अवश्य मिलेगी।

व्यंग्य

चाय पर राजनीति

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

यह एक छोटे से गाँव का दृश्य था, जहाँ हर बात पर गहमा-गहमी मचती थी, लेकिन सबसे ज्यादा शोर उस चाय की दुकान पर होता था, जहाँ हर किसी की राय बनती और हर विवाद का समाधान मिलता था। चाय न हो, तो यहां का माहौल अधूरा रहता। और यदि चाय हो, तो भले ही हलचल हो, मगर समस्या सुलझती नहीं। गाँव के चौक पर स्थित एक छोटी सी चाय की दुकान थी, जिसका मालिक रामनाथ, न केवल चाय बनाने में माहिर था, बल्कि राजनीति के गहरे घाघ भी थे। हर दिन सुबह-सुबह वह अपने दुकानदार मित्रों को ₹चाय पर राजनीति₹ का पाठ पढ़ाते। हर एक चर्चा का अंतिम निष्कर्ष यही होता कि अगर नेताओं को चाय पर बुला लिया जाए तो हर समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने कभी भी किसी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया, सिर्फ उसे घुमा-फिराकर हल कर दिया। आज भी कुछ ऐसा ही हो रहा था। चाय की दुकानदारों की टोली (जिसमें विशेष रूप से पन्नालाल और सत्तू थे) और गाँव के कुछ ₹महान₹ नागरिक रामनाथ के चाय के प्यालों के आस-पास घेरा डाले बैठे थे, और बड़े आराम से एक राष्ट्रीय संकट पर चर्चा कर रहे थे। क्या तुम जानते हो, सत्तू भाई?₹ पन्नालाल ने जैसे ही सवाल पूछा, उसकी आँखों में एक उत्साही भाव था, ₹अगर हमारे गाँव के नेता चुनावी बहस में हारे, तो क्या होगा? सत्तू ने अपनी चाय की प्याली को एक कश लिया और कहा, ₹पन्नालाल भाई, चुनाव तो वैसे भी हमारे गाँव में एक खेल बन गया है। एक महीने पहले जो 'नेता' थे, वे अब चायवाले बन गए हैं, और जो चायवाले थे, वे अब नेता बन गए हैं।

रामनाथ ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹अरे! यह तो हमारा ही गाँव है। यहाँ नेता बनने का यही तरीका है। बस चुनाव से पहले थोड़ा सा शेर बनने का ढोंग करो, और बाद में बकरा बनकर गाँववालों से मिन्नतें करो। सत्तू ने इसे गंभीरता से लिया और कहा, ₹बिलकुल, रामनाथ भाई! आप तो जानते ही हैं, अब गाँव में हर कोई अपनी बात रखता है, लेकिन जब चुनाव नजदीक आते हैं, तब सब लोग अपने-अपने बर्तन में पानी भरने लगते हैं। पन्नालाल ने चाय की चुस्की लेते हुए चुटकी ली, ₹यही तो असली राजनीति है, सत्तू भाई। यहाँ के नेताओं का काम है, सबको धोखा देना, और फिर चाय की प्याली लेकर सबका दिल बहलाना।₹ उसी वक्त गाँव के एक पुराने नेता, जिनका नाम लख्खू था, आकर रामनाथ के पास बैठ गए। वह अपनी आँखों में गहरी चिंता के साथ बोले, ₹तुम दोनों क्या समझते हो? गाँव में नेता होना बहुत कठिन काम है। हर समय जनता के बीच रहते हुए भी अपनी शान बनाए रखना, यह कोई आसान काम नहीं है। रामनाथ ने हंसी रोकते हुए कहा, लख्खू भाई, आप ठीक कह रहे हैं, लेकिन हमारा गाँव हमेशा से ही राजनीति का गढ़ रहा है। यहाँ हर कोई अपनी बत्ती की मच्छरदानी के भीतर खुश रहता है। नेताओं का काम बस इतना है कि जनता को छोटे-छोटे वादे दें और फिर आराम से बैठकर चाय पीते रहें। लख्खू ने चिढ़ते हुए कहा, तुम लोग क्या समझते हो? क्या चाय के प्यालों से राजनीति चलती है? नहीं, लख्खू भाई,₹ रामनाथ ने चाय की चुस्की लेते हुए कहा, ₹लेकिन चाय के प्यालों से राजनीति की सच्चाई समझी जा सकती है। जब तक चाय गरम रहती है, तब तक सब खुश रहते हैं। जैसे ही चाय ठंडी होती है, लोग शिकायत करने लगते हैं। यही राजनीति का खेल है। लख्खू ने कुंठित होकर कहा, ₹तुम दोनों तो बहुत बड़े समझदार हो गए हो। अगर इतनी समझ होती तो हम भी कुछ करते। अब देखो, हमारी पार्टी से हर कोई उम्मीदवार बना हुआ है, और हर किसी के पास अपना-अपना चाय का स्टॉल है। रामनाथ और सत्तू दोनों की हँसी फूट पड़ी। फिर सत्तू ने अपनी चाय की प्याली को रामनाथ की ओर बढ़ाते हुए कहा, ₹वो दिन दूर नहीं, जब नेता अपने वोट पाने के लिए चायवाले से सलाह लें और चाय पर राजनीति की बातें करें। लख्खू उखड़ते हुए उठ खड़ा हुआ और बोला, ₹तुम दोनों कभी कुछ नहीं समझ पाओगे। राजनीति चाय नहीं है, यह तो मेहनत का काम है! रामनाथ ने उसकी ओर देखा और कहा, ₹तुम सही कह रहे हो लख्खू भाई, लेकिन जो मेहनत से राजनीति की राह पर चला, वही आज चाय का स्टॉल खोलकर खुश है। लख्खू ने गुस्से में अपनी चाय की प्याली रखी और चुपचाप चला गया। रामनाथ और सत्तू हँसी में डूबे रहे, और पन्नालाल ने कहा, ₹देखा, अब चाय की चुस्की के बाद भी वह राजनीति की गहरी सोच में खो गया। बिलकुल, पन्नालाल भाई, रामनाथ ने मुस्कुराते हुए कहा, यहाँ चाय ही राजनीति का काजल है, और बाकी सब धूल।

फैसला

धर्म परिवर्तन के बावजूद आरक्षण का लाभ उठाना वर्जित, सुप्रीम कोर्ट का आदेश!

मनोज कुमार अग्रवाल

सुप्रीम कोर्ट ने धर्म परिवर्तन के मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी की है. कोर्ट का कहना है कि बिना किसी वास्तविक आस्था के सिर्फ रिजर्वेशन के लिए धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है. सुप्रीम कोर्ट ने यह बात उस मामले में कही है, जिसमें क्रिश्चन लड़की ने एससी सर्टिफिकेट के लिए अपील की है और अब खुद को हिंदू बता रही है. याचिकाकर्ता का जन्म ईसाई फैमिली में हुआ था. हालांकि, लड़की के पिता पहले हिंदू थे, लेकिन बाद में उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया था. लड़की भी ईसाई धर्म का पालन करती थी, लेकिन अब वह नौकरी में आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति के सर्टिफिकेट के लिए खुद को हिंदू बता रही है. सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पंकज मिथल और आर महादेवन की बेंच ने 26 नवंबर को इससे जुड़े एक मामले में सुनवाई की। दरअसल, यह पूरा मामला एक महिला सी. सेल्वारानी से जुड़ा है, जिसे एक ईसाई मां ने जन्म दिया था, हालांकि उसके पिता तब हिंदू थे और वल्लुवन जाति से आते थे, जो कि अनुसूचित जाति से आते थे। सेल्वारानी की आस्था शुरूआत से ही ईसाई धर्म में रही, लेकिन 2015 में उसने पुडुचेरी में उच्च संभागीय क्लर्क पद पर आवदेन के लिए खुद के हिंदू होने का दावा किया था और अपने लिए एससी सर्टिफिकेट की मांग की धर्म परिवर्तन बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रही है। ईसाई और इस्लाम धर्म में विश्वास रखने वाले धर्म गुरु सनातन धर्म में विश्वास रखने वालों को अपने धर्म में लाने के लिए साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपनाकर चल रहे हैं। आरक्षण का लाभ केवल हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले दलित व पिछड़े वर्ग के लिए ही है। लेकिन लोभ या लालच में आकर इसी वर्ग के अधिकतर लोग धर्म परिवर्तन कर रहे हैं। पंजाब में ऐसे एक नहीं अनेक लोग आप को मिल जाएंगे जो हैं तो पिछड़े व दलित वर्ग से हैं और कईयों ने आरक्षण का लाभ भी ले रखा है। लेकिन अपने नाम के साथ मसीह भी लगाते हैं, क्योंकि ऐसा करने से उन्हें कान्वेंट स्कूलों और मिशनरी अस्पतालों में मुफ्त या कम खर्च पर बच्चे को शिक्षा व सभी को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं मिलती हैं। देश के उच्चतम न्यायालय ने एक ऐसे ही मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि 'सच्ची आस्था के बिना धर्म परिवर्तन करना संविधान के साथ धोखा है।' जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने महिला सी. सेल्वारानी की याचिका पर 26 नवंबर को यह फैसला सुनाया। साथ ही मद्रास हाई कोर्ट का 24 जनवरी का फैसला बरकरार रखा, जिसमें उसने सेल्वारानी को अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाणपत्र देने से इन्कार कर दिया था। याचिकाकर्ता ने ईसाई धर्म अपनाया था, लेकिन बाद में नौकरी पाने के लिए हिंदू होने का दावा किया था। फैसले में जस्टिस महादेवन ने कहा कि अनुच्छेद-25 के तहत प्रत्येक नागरिक को पसंद के धर्म का पालन करने और मानने का अधिकार है। कोई भी व्यक्ति दूसरा धर्म तभी अपनाता है जब वह उसके सिद्धांतों, मतों एवं आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। अगर मतांतरण का उद्देश्य दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था न होकर आरक्षण प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। ऐसे छिपे उद्देश्यों वाले लोगों को आरक्षण का लाभ देने से आरक्षण नीति का सामाजिक उद्देश्य निष्फल हो जाएगा। साक्ष्यों से स्पष्ट है कि अपीलकर्ता ईसाई धर्म को मानती हैं और नियमित रूप से चर्च जाती है। इसके बावजूद वह हिन्दू होने का दावा करती है और नौकरी पाने के लिए एससी प्रमाणपत्र मांग रही है। उसका यह दोहरा दावा अस्वीकार्य है और ईसाई धर्म की दीक्षा लेने (बपतिस्मा) के बाद वह खुद की हिन्दू पहचान जारी नहीं रख सकती। गौरतलब है कि याचिकाकर्ता महिला सेल्वारानी का जन्म हिंदू पिता और ईसाई मां के यहां हुआ। जन्म के कुछ समय बाद ही उसका ईसाई के रूप में बपतिस्मा कर दिया गया था। बाद में उसने हिंदू होने का दावा किया और वर्ष 2015 में पुडुचेरी में अपर डिवीजन क्लर्क पद के लिए आवेदन करने को एससी प्रमाणपत्र की मांग की। दस्तावेजी साक्ष्यों से महिला के ईसाई होने की पुष्टि हुई। उसके पिता वल्लुवन जाति (एससी) से हैं। वल्लुवन जाति को सुप्रीम कोर्ट के आदेश, 1964 के तहत एससी की मान्यता प्राप्त है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अपीलकर्ता महिला ने ईसाई धर्म का पालन जारी

एक नजर

पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन डबका का स्वाद लिया

कुरुद 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । नगर पंचायत कुरूद के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भानू चंद्राकर के निवास स्थान कुरूद में सौजन्य मुलाकात कर पत्रकारों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठंड के मौसम में बनाएं एवं खाए जाने वाले लाखड़ी भाजी एवं नया चावल का डबका का स्वाद लिया. नगर पंचायत कुरूद के पूर्व अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन डबका परोसकर अपनत्व का इजहार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ी मौसमी व्यंजन को आज भी जिंदा रखे हैं। उन्होंने कहा कि भाईचारा,प्रेम,मानवता ही मनुष्य का धर्म है. जब हम साथ मिलकर भोजन करेंगे तो अपनत्व का भाव पैदा होगा. मनुष्यों ने अपने स्वार्थ के लिए मनुष्यों को ही बांट के रखा है. ऐसे में देश न विकास कर सकता है और ना ही समाज. श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि सब मिलकर ही विकट परिस्थितियों का सामना कर सकते हैं. इसके लिए समाज में भाईचारा बनाने की आवश्यकता है. उन्होंने आमंत्रण स्वीकार कर भोज में शामिल होने के लिए पत्रकार साथियों का आभार माना।

जिले के 8 पीएमश्री स्कूलों में अंशकालिक योगा प्रशिक्षक के चयन के लिए 2 दिसंबर तक आवेदन

जगदलपुर 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । प्रबन्ध संचालक समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार बस्तर जिले में स्वीकृत 08 पीएमश्री स्कूलों में अंशकालिक योगा प्रशिक्षक के चयन के लिए योग्य अभ्यर्थियों से 02 दिसंबर 2024 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा हाता ग्राउण्ड के समीप जगदलपुर (छत्तीसगढ़) में आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र साधरण डाक, कुरियर, पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से या स्वयं उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। इस बारे में विस्तृत जानकारी का अवलोकन जिले की आधिकारिक वेबसाइट https://bastar.gov.in पर किया जा सकता है।

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जगदलपुर में प्रवेश के लिए 8 दिसम्बर को होगी प्राक्कयन परीक्षा

जगदलपुर 29 नवंबर। कार्यालय अपर संचालक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जगदलपुर द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण कर चुके छत्तीसगढ़ के मूल निवासी एवं परिवार की वार्षिक आय लाख रुपए से कम अभ्यर्थियों के लिए सत्र 2024-25 के तहत जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लेकर एसएससी, रेल्वे, व्यापम, बैंकिंग के परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक प्रवेश के पात्र अभ्यर्थियों से 25 नवम्बर 2024 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। अपर संचालक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार उक्त संस्था में प्रवेश हेतु आगामी 08 दिसम्बर 2024 को मध्यान्ह 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र निर्मल हॉयर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर में प्राक्कयन परीक्षा आयोजित की गई है। इस परीक्षा का परिणाम 11 दिसंबर को जारी करने के बाद 13 एवं 14 दिसंबर को दस्तावेज परीक्षण और काउंसिलिंग की जाएगी। छात्रावास में 15 दिसम्बर तक प्रवेश के बाद 16 दिसंबर 2024 से परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की नवीन सत्र प्रारंभ होगी।

जलजीवन मिशन के तहत 14 सोलर ड्यूल पंपों की स्थापना से ग्रामीणों को लाभ

उत्तर बस्तर कांकेर, 29 नवम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बस्तर संभाग के संवेदनशील एवं माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए नियद नेल्लानार योजना लागू की है, जिसके तहत विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की पहुंच चयनित गांवों में सुनिश्चित की जा रही है। योजनांतर्गत जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के क्लस्टर ग्राम पानीडोबीर सहित 07 गांवों में जिला प्रशासन द्वारा सतत् विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। शत-प्रतिशत ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने लगातार कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत सड़क सम्पर्क, पुल-पुलिया निर्माण, आधार एवं राशन कार्ड बनाने, वन अधिकार पट्टा देने सहित स्वास्थ्य, विद्युत और पेयजल जैसी अनेक आवश्यक सेवाओं व सुविधाओं को सुलभ एवं सुचारू बनाने के भगीरथ प्रयास प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं।

धान खरीदी की व्यवस्था से किसान के साथ हमाल भी खुश

कोदापाखा धान उपार्जन केन्द्र में किसानों के चेहरे पर दिखी संतुष्टि की चमक

उत्तर बस्तर कांकेर, 29 नवम्बर। राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से जिले के धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से धान क्रय किया जा रहा है। इस बार केन्द्रों में किसानों के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं, जिसके पालन में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार सभी जरूरी इंतजाम केन्द्रों में किए गए हैं। जिले के दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम कोदापाखा स्थित धान खरीदी केन्द्र में आए किसानों के चेहरे पर खुशी एवं संतुष्टि की चमक दिखाई दी।

उक्त केन्द्र में धान बेचने आए ग्राम कोदापाखा के किसान श्री तिलचंद सिन्हा एवं

श्रीमती जयबती सिन्हा ने बताया कि वे 115 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचने आए हैं तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदा जा रहा है, जो किसानों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए बताया कि उक्त केन्द्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं है। किसानों के लिए सभी जरूरी मूलभूत सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं। इसी केन्द्र में हमाल का काम करने वाले श्री देवराज बघेल और ग्राम मेड़ो के श्री शिवनाथ ध्रुव ने बताया कि कोदापाखा केन्द्र में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। किसानों द्वारा लाए गए धान को बारदानों में डालकर इलेक्ट्रॉनिक कांटे में तौलकर उनकी सिलाई अच्छी तरह से की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रति क्विंटल 11 रूपए के मान से राशि का भुगतान किया जाता है, जिससे वे खुश हैं। समिति के ऑपरेटर श्री सागर सिन्हा ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर सिस्टम, स्कैनर, प्रिंटर, इनवर्टर तथा इंटरनेट सुविधा के अलावा सीसी टीव्ही कैमरे आदि उपलब्ध हैं। उक्त केन्द्र में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा यहां प्रतिदिन औसतन 22-25 किसान टोकन के अनुसार धान बेचने आते हैं। ऑपरेटर ने बताया कि यहां की समुचित व्यवस्था से किसान, हमाल और मंडी स्टॉफ सभी संतुष्ट हैं।

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन से किसानों को हो रही सहूलियत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 29 नवंबर। धान छत्तीसगढ़ की प्रमुख फसल है, जिससे अन्नदाता किसान स्वयं के भरण-पोषण सहित अन्य जरूरतों को पूरा करते हैं। किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य दिलाने के लिए सरकार हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करती है। जो किसानों को उनकी लागत से अधिक लाभ देने के उद्देश्य से तय किया जाता है। सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद ने किसानों को न केवल आर्थिक स्थिरता प्रदान की है, बल्कि उनकी आय में भी सुधार किया है। राज्य सरकार की समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति से किसानों को वाजिब दाम के साथ ही उन्नत खेती-किसानी के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है। जगदलपुर ब्लॉक के गरावंड खुर्द निवासी किसान महादेव बघेल और तुरेनार निवासी कृषक मनदेव अपनी खरीफ धान को बेचकर जहां खरीफ फसल ऋण को अदा करेंगे। वहीं घर की जरूरी कार्यों के लिए उपयोग करने की बात कही। उक्त दोनों कृषकों ने रबी फसल सीजन में मक्का और साग-सब्जी की खेती कर आय संवृद्धि करने का संकल्प

दुहराया। इन दोनों किसानों ने सरकार की धान खरीदी व्यवस्था की सराहना करते हुए शीघ्र भुगतान के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

समर्थन मूल्य पर मिलने वाली राशि से किसान अपने कृषि ऋण को समय पर अदा करते हैं, जिससे उन्हें ब्याज के बोझ से राहत मिलती है। इस बारे में जगदलपुर विकासखण्ड के गरावंड खुर्द निवासी किसान महादेव बघेल बताते हैं कि लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि में धान की उन्नत खेती से अच्छी पैदावार मिली है। अभी 56 क्विंटल धान बेचकर खरीफ फसल ऋण को चुकाने के साथ ही घरेलू कार्य के लिए उपयोग करेंगे। वहीं रबी फसल के लिए फिर फसल ऋण लेकर मक्का और साग-सब्जी की पैदावार लेंगे।

गरावंड कला धान खरीदी केन्द्र में धान विक्रय करने आए तुरेनार के किसान मनदेव बघेल ने कहा कि 54 क्विंटल धान बेच रहे हैं। इस राशि से फसल ऋण अदा करने सहित छोटी बेटी प्रतीक्षा के कोचिंग क्लास का फीस जमा करेंगे और कुछ पैसे घर की जरूरत में खर्च करेंगे। उन्होंने बताया कि नलकूप की मदद से रबी फसल सीजन में मक्का और साग-सब्जी की पैदावार लेंगे, रबी फसल के लिए भी फसल ऋण लिया है। समर्थन मूल्य पर धान की खरीद ने किसानों को नई आर्थिक ताकत दी है। यह पहल न केवल किसानों की आय में वृद्धि कर रही है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित कर रही है। ज्ञात हो कि बस्तर जिले में कुल 79 धान खरीदी केंद्रों के माध्यम से किसानों के धान का उपार्जन किया जा रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत घर के आँगन में मिला नल कनेक्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर 29 नवंबर। सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं में एक महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन। छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बस्तर जिले के 543 गांवों में जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है। विकासखण्ड बकावंड के ग्राम करितगांव में जल जीवन मिशन योजना की लाभार्थी चिताय बघेल ने कहा कि घर में नल कनेकशन मिल जाने से उसे और उसके परिजनों को बहुत लाभ मिला है। चिताय ने बताया कि मैं 55 बरस की हूं, बचपन से शारीरिक रूप से कमजोर होने के कारण (प्राकृतिक बौनापन) लोग उसे एक बित्ता कह कर पुकारते हैं। अब तो अपना असली नाम ही भूल गई हूं। वह अपने माता पिता के घर में रह रही हैं उनके दो भाई थे जो अब इस दुनिया में नहीं हैं, भाईयों के बच्चों के साथ रह रही हैं। उन्होंने बताया कि हाथ पैर छोटे-छोटे होने के कारण बचपन से लोग मेरा मजाक उड़ाते थे जिसके कारण पढ़ाई नहीं कर पाई। सरकार द्वारा दिव्यांगता पेंशन के तहत पांच सौ रुपए मिलता है। मेरा कद सामान्य नहीं होने के कारण घर से दूर बोरिंग से पानी लाने में मुझे तकलीफ होती थी, एक हाथ जमीन में रखकर छोटे से बर्तन में पानी लाती थी। रुआंसी आँखों के साथ चिताय बताती हैं कि अब मेरे

घर में नल कनेक्शन से पानी आ रहा है। पानी लाने की तकलीफ से मुझे राहत मिली तो लगा दुनिया की सबसे बड़ी खुशी मुझे मिल गई है, मेरे आंगन में पानी देने के लिए सरकार का बहुत-बहुत आभार, धन्यवाद। ज्ञात हो कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन 55 लीटर के हिसाब से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है. इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से काम किया जा रहा है। इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के अलावा स्कूल, आश्रम-छात्रावास, उपस्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन और आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी रनिंग वाटर की व्यवस्था की जा रही है।

जनमित के संचालक मण्डल के 13 सदस्य चुने गए

रायपुर 29 नवंबर। राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ जनकल्याण मितव्ययी साख सहकारी समिति मर्यादित रायपुर (जनमित) के संचालक मण्डल का चुनाव करवाया गया। इस चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी श्री एस. के. पाण्डेय सहायक आयुक्त सहकारिता की अध्यक्षता में विशेष आमसभा 26 नवम्बर 2024 को सम्पन्न हुई। स्थानीय शान्ति नगर स्थित स्वदेशी भवन में सम्पन्न जनमित की इस आम सभा में संचालक मण्डल के 13 सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशांत बिसेन, मनोज केशरिया, तुषारकांत मजुमदार, अरविंद कुमार झा, अजय कुमार नेमा, शोभा पण्डित, जयंत हरदास, जी.एच. सागर, तुलाराम सिन्हा, रूपेन्द्र कुमार साहू, मधु साहू, रविकांत जायसवाल और जी.आर. जगत को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। यह सहकारी समिति विगत 20 वर्षो से प्रदेश में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

कैदियों को क्षेत्रीय भाषा गोंडी और हल्बी में दी गई तनाव प्रबंधन की जानकारी

सुकमा, 29 नवंबर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल कश्यप और सिविल सर्जन डॉ. एमआर कश्यप के निर्देशानुसार तथा एनएमएचपी नोडल अधिकारी डॉ. भीमाराम बारसे के मार्गदर्शन में बुधवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत उपजेल सुकमा में कैदियों को एक दिवसीय तनाव प्रबंधन का प्रशिक्षण ट्रेनिंग दिया गया। तनाव प्रबंधन के लक्षण और इसके उपायों के बारे में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि तनाव प्रबंधन कैदियों को उनके जीवन पर पड़ने वाले तनाव के प्रभाव से मुक्त होने में मदद करता है। सभी को जेल में अपनी मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य का मतलब यह है कि आप कैसे सोचते हैं और क्या महसूस करते हैं। जीवन के उतार-चढ़ाव से निपटने की आपकी क्षमता और जेल में अपने

मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल किस तरीके से रख सकते हैं इसके ऊपर विस्तार से चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि जेल के माहौल में जीवन को बेहतर ढंग जीने की कला सीखना है। अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपने अंदर सकारात्मक बदलाव करें। अन्य कैदियों और पेशेवरों के साथ सामंजस्य बनाएं जो आगामी भविष्य में मदद करें। नियमित व्यायाम और पौष्टिक भोजन करें। नींद का प्रबंधन करें, जिससे आप तनाव से बच पाएंगे। सभी ने भी कैदियों को तनाव मुक्त रहने के लिए अपने अनुभव साझा किए। डीएमएचपी टीम योगेश सिन्हा कम्यूनिटी नर्स, साइकाइट्रिक सोशल वर्कर रीना नायडू के द्वारा लोकल भाषा गोंडी और हल्बी में कैदियों को प्रशिक्षण दिया गया जिससे कैदियों को समझने में आसानी हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जेल प्रभारी श्री राजेश कुमार बिसेन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

समाचार संक्षेप

प्रधानमंत्री आवास 2.0 का आगाज

बड़े बचेली 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास हेतु छूटे हुए हितग्राही को पुनः मौका दिया जा रहा है जिसके परिपालन मे नगर पालिका बड़े बचेली मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पी टी एम कृष्णा राव के मार्गदर्शन मे समस्त वार्ड मे शिविर आयोजित किया जा रहा है जिस अनुसार दिनाक 27.11.2024 से 30.11.2024 तक 27.11.2024 को वार्ड 01,02,03,04 हेतु अँधेरी चौंक के गणेश मंदिर, 28.11.2024 को वार्ड 07,08,09,10 को शीतला मंदिर दुर्गा मंडप के पास, 29.11.2024 को वार्ड 05,06 हेतु बस स्टेण्ड मे एवं 30.11.2024 को वार्ड 12,15,16,17 हेतु क्लामंच मे आयोजित किया जा रहा जिसके नोडल अधिकारी श्री संतोष नेगी इंजीनियर, सहायक श्रीमती हुलसी प्रधान, विश्वजीत मलिक, डोमिन नाग की ड्यूटी लगाई गयी है आज दिनांक को अंधेरी चौंक गणेश मंदिर मे 15 आवेदन प्राप्त हुआ जिसका द्वीतीय चरण मे डोर टू डोर आवास हेतु निरिक्षण कार्य एवं प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कार्य किया जाएगा ।

गुरु इंगितानुसार मुनि सुधाकर ने किया विहार

रायपुर 29 नवंबर। जैन तेरापंथ धर्म संघ के आचार्य श्री महाश्रमण जी के इंगितानुसार रायपुर का प्रवास संपन्न कर मुनिश्री सुधाकर जी सहवर्ती मुनिश्री नरेश कुमार जी अपने साधु जीवन चरितार्थ पद विहार कर आज रायपुर की सीमा से विहार कर मध्यप्रदेश की ओर अपने चरण गतिमान करते हुए 8 किलोमीटर का विहार कर बाना पधारे। रायपुर के उनके अंतिम प्रवास अवसर पर रायपुर के श्रावक-श्राविकाओं ने प्रातः उनसे मंगल पाठ का श्रवण किया व उनके संयम जीवन के प्रति आध्यात्मिक मंगलकामना की। पद विहार में तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर के विशेष रूप से वीरेंद्र डागा, किशोर खाटेड़, पकंज पारख, गौरव दुगड़, रिशव जैन, मनीष फलोदिया, विकास बरलोटा आदि उपस्थित रहे।

लोगो को नशामुक्ति के लिए किया जा रहा जागरूक

सुकमा, 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के आदेशानुसार सुकमा जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों में नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को ग्राम पंचायत पुसपुल के हाट बाजार में नशा मुक्ति के लिए

सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बाजार आने वाले लगभग 230 ग्रामीणों को पम्पलेट बाँटकर और मौखिक जानकारी देकर नशा से दूर रहने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही अन्य लोगों को भी नशा मुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत अंतर्विभागीय समन्वय से संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जा रहा है। राज्य शासन के मंशानुसार अभियान चलाकर कोटपा एक्ट के तहत सभी स्कूल परिसरों तथा उसके आसपास के क्षेत्र को टोबैको फ्री घोषित किया जा रहा है।

शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

■ बैगलेस डे पर रचनात्मक कार्य करने के निर्देश, बोर्ड परीक्षा और प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी पर फोकस करने को कहा

सुकमा, 29 नवंबर। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री ध्रुव ने बोर्ड परीक्षा और प्रवेश परीक्षाओं के मद्देनजर माइक्रो लेवल पर जाकर बच्चों के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने सभी अधिकारियों से जिले के समस्त शालाओं का नियमित निरीक्षण करने और शिक्षण कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी, डीपीओ श्रीमती संजुला शर्मा, डीएमसी श्री तिवारी तथा समस्त बीईओ, बीआरसी और अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि कि बैगलेस डे के दिन बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य गतिविधियों के साथ साथ स्कूल परिसर की स्वच्छता और अन्य रचनात्मक और सांस्कृतिक कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। बच्चों में भाषा सीखने की कला विकसित करने और कक्षा 9 से 12वीं के विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने पर विशेष जोर दिया जाय। इसके साथ ही बच्चों के चहूँमुखी विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री ध्रुव ने स्कूल, आश्रम-छात्रावास और पोटाकेबिन में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बच्चों के नियमित स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम को अनिवार्य रूप से जारी रखने को कहा। जाति और निवास प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों के त्वरित निपटारे की सराहना करते हुए कलेक्टर ने तय समय सीमा के भीतर कार्ययोजना तैयार कर इसे क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना और निर्माण कार्य

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य को आगामी दो सप्ताह के भीतर पूरा करने और अतिरिक्त कक्षों के निर्माण को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ध्रुव ने समग्र शिक्षा योजना के तहत बच्चों को जेईई-नीट कोचिंग सेंटर की बेहतर सुविधा और अतिरिक्त शैक्षिक सामग्री प्रदान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीएससी, एसएससी और बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए।

कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने और आवश्यकता अनुसार छात्रों को चिन्हित कर उन्हें सहयोग देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ध्रुव ने 5वीं और 8वीं कक्षा के छात्रों को नवोदय और प्रयास विद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्राथमिकता के साथ तैयार करने के निर्देश दिए।

जिले में संचालित पांच पीएम श्री स्कूलों में ईको क्लब, शिक्षक डायरी और अन्य शैक्षिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।स्मार्ट क्लास के माध्यम से पाठ्यक्रम को कार्ययोजना के अनुसार पूरा करने और हर सप्ताह टेस्ट परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए। दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना, ईजीएल और एफएलएन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। परीक्षा परिणामों का विश्लेषण कर आवश्यकता अनुसार बच्चों पर फोकस करने के निर्देश दिए गए।

लोधेश्वरधाम लोधी क्षत्रिय समाज, चंगोराभाठा के पदाधिकारियों ने दी सुनील सोनी को जन्मदिन की बधाई

रायपुर 29 नवंबर। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र, रायपुर के नवनिर्वाचित विधायक एवम पूर्व सांसद सुनील सोनी का जन्मदिन आज, उन्होंने शानदार 63 साल पूर्ण कर 64 वे वर्ष मे प्रवेश किए है। लोधेशवरधाम लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा रायपुर छत्तीसगढ के पदाधिकारीगण एवम सदस्यगण ने उन्हे स्मारिका, गुलदस्ता भेंट कर बधाई एवम शुभकामनाए दी है। इस अवसर पर समाज के लोगो ने विधानसभा उपचुनाव मे भारी मतो से विजय होने पर बधाई भी दी । श्री सोनी ने लोधी समाज द्वारा आयोजित लोधेशवरधाम मे हाल ही मे हुए वार्षिक सम्मेलन एवम परिचय सम्मेलन, स्मारिका विमोचन समारोह की बधाई देते हुए कार्यक्रम की सराहना भी किये है। आगे के कार्यक्रमो मे मेरी उपस्थिति रहेगी, ऐसा उन्होंने आश्वस्त दिया है। लोधेशवरधाम को भरपूर सहयोग देने का वादा भी किये। उपयुक्त जानकारी लोधी क्षत्रिय समाज के सचिव लोधी प्रहलाद दमाहे ने दी है।

एक नजर

एसडीएम बागबाहरा ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

महासमुंद 29 नवंबर । कोमाखान जोन के संकुल केन्द्र लुकुपाली, कसेकेरा, भलेसर, नर्रा, परसूली, टेमरी ,टेमरी अ, देवरी, खैरटखुर्द, बोकरामुड़ा कला एवं बोइरगांव के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक, हाई स्कूल व हायर स्कूल की प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की बैठक बागबाहरा एस डी एम श्री उमेश कुमार साहू की अध्यक्षता में आहूत की गई। शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक में उपस्थित संस्था प्रमुखों एवं संकुल समन्वयकों से चर्चा करते हुए एस डी एम बागबाहरा ने जाति प्रमाणपत्र बनवाने हेतु पात्र विद्यार्थियों का शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया। उन्होंने जाति प्रमाणपत्र बनवाने हेतु मैदानी स्तर पर आने वाली कठिनाइयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया और कहा कि मिसल,दाखिल-खारिज ,वंशावली एवम अन्य दस्तावेजों के संकलन हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाणपत्र के आवेदनों का ऑनलाइन सब्मिशन करते समय ध्यानपूर्वक स्कैन करे ताकि सेंट बैक की स्थिति निर्मित न हो।बैठक के पश्चात एस डी एम बागबाहरा ने सेजेस कोमाखान का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने क्लासरूम में जाकर विद्यार्थियों से उनके अध्ययन प्रगति पर चर्चा की।विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा श्री कौशल कुमार वर्मा ने शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक शाला समयावधि का पालन करते हुए अध्यापन कार्य करना सुनिश्चित करें। सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री रामता प्रसाद मन्नाडे ने अपार आई डी जनरेट करने के कार्य मे प्रगति लाने की बात कही।उन्होंने व्याप्त समस्याओं का उचित समाधान करते हुए लक्ष्य प्राप्ति पर जोर दिया।शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी ने परख जांच परीक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ओएमआर शीट में उत्तर अंकित करने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसलिए विद्यार्थियों को पर्याप्त अभ्यास करवाया जाए।कोमाखान जोन प्रभारी मनीष अवसरिया ने शिक्षा विभाग के एजेंडों का सिलसिलेवार जानकारी प्रस्तुत किया और कहा कि 5 वी और 8 वी की बोर्ड परीक्षा पुनः बहाल हो रहा है। इसलिए अध्यापन कार्य मे तेजी लाते हुए शैक्षिक प्रगति हेतु अपना सकारात्मक योगदान सुनिश्चित करेंगे।

महासमुंद में रोमांचक हैंडबॉल सेमीफाइनल मुकाबले

महासमुंद 29 नवंबर । महासमुंद में चल रही 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में आज सेमीफाइनल मैच के परिणाम बेहद रोमांचक रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीता। दोपहर तक आयोजित मैचों के बाद खिलाड़ियों और कोचों को छत्तीसगढ़ की विश्व प्रसिद्ध सांस्कृतिक धरोहर सिरपुर का भ्रमण कराया गया।

हैंडबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल परिणाम में बालक वर्ग में हरियाणा ने दिल्ली को 21-18 के स्कोर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 23-18 के स्कोर से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इसी तरह बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 13-10 के स्कोर से मात दी तथा दिल्ली ने तेलंगाना को 17-11 के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की खेल भावना और संघर्षशीलता सराहनीय रही। अब सभी की नजरें आगामी फाइनल मुकाबलों पर हैं, जहां रोमांच अपने चरम पर होगा।

लीगल सर्विसेस मैंनेजमेंट सिस्टम एवं नालसा हेल्प लाइन नंबर-15100 का प्रशिक्षण दिया

रायगढ़, 29 नवम्बर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में एवं श्री प्रवीण मिश्रा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग (एक) रायगढ़ तथा न्यायाधीश/सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार के नेतृत्व में जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में लीगल सर्विसेस मैंनेजमेंट सिस्टम एवं नालसा हेल्प लाईन नंबर-15100 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरालीगल वालिंटियर की सहभागिता रही। इस मीटिंग पर जिला एवं तालुका स्तर पर पैनल अधिवक्ताओं को नालसा के पोर्टल को अपडेट किये जाने के संबंध में बताया गया तथा प्रशिक्षण सामाग्री प्रदान किया गया।

सालसा/डालसा के भौतिक रूप या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त समस्त आवेदनों/शिकायतों को नवंबर 2024 के अन्त तक अपडेट करने के संबंध में कार्यक्रम में चर्चा की गई।

छात्रों के साथ सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा दे रहा न्यौता भोज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 29 नवम्बर। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओ में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत समुदाय के सहभागिता एवं भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए न्यौता भोजन प्रारंभ किया गया है। न्यौता भोजन की प्रमुख अवधारणा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिले के अध्यनरत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त पोषण आहार में वृद्धि की दृष्टि से न्यौता भोजन आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के न्यौता भोजन का आशय भोजन दान की प्रकृति को महादान की प्रकृति के रूप में प्रचारित किया जाना है। राज्य शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए विभिन्न सामुदायिक भागीदारी से स्कूलों में विभिन्न अवसरों जैसे त्योहार, विशेष अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह एवं राष्ट्रीय पर्व में भारतीय परंपरा आधारित बड़ी संख्या में लोगों को भोजन समुदाय, शिक्षक के द्वारा कराया जा रहा है।रायगढ़ जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार माह जून से अक्टूबर 2024 तक की स्थिति में रायगढ़ जिले के अंतर्गत 2605 स्कूलों में 92390 बच्चों को न्यौता भोजन खिलाया गया। न्यौता भोजन तीन प्रकार से शालाओं में दिए जाते हैं प्रथम न्यौता भोजन पूर्ण भोजन है, जिसमें स्कूल के सभी कक्षाओं के सभी बच्चों को नियमित मध्यान्ह भोजन के समान या उससे अधिक खाद्य सामग्रियों का वितरण दानदाता द्वारा किया जाता है। द्वितीय प्रकार के न्यौता भोजन को आंशिक पूर्ण भोजन कहा जाता है। जिसके अंतर्गत दानदाता द्वारा किसी कक्षा विशेष के लिए पूर्ण भोजन दिया जाता है । तृतीय प्रकार के न्यौता भोजन में शाला में नियमित मध्यान्ह भोजन दिया जाता है, जिसमें दानदाता द्वारा अतिरिक्त पोषण सामग्री जैसे फल, मिठाई, बिस्कुट हलवा आदि दिया जाता है। रायगढ़ जिले की विशेष पहल कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के द्वारा 02 अगस्त 2024 को मध्यान्ह भोजन की जिला स्तरीय विभागीय समिति की बैठक के दौरान मध्यान्ह भोजन की समीक्षा में सभी मध्यान्ह भोजन पकाने वाले स्कूलों को दाल में नियमित रूप से प्रोटीन की मात्रा को और बढ़ाने के लिए मुनगा भाजी को अनिवार्य रूप से शामिल करने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे सभी शालाओं में दाल के साथ मुनगा भाजी डालकर पकाया जाकर बच्चों को पूरा पोषक आहार के रूप में भी दिया जा रहा है। न्यौता भोजन को बढ़ावा देने के लिये जिला प्रशासन की ओर से समुदाय के सभी दानदाताओं से अपील की है कि अपने और अपने परिवार के जन्मदिन, वर्षगांठ एवं अन्य त्यौहारी आयोजन के अवसर पर प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के स्कूली बच्चों को पूर्ण भोजन के रूप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान करें। न्यौता भोजन के लिये अपने क्षेत्र के शासकीय शाला के प्रधान पाठक, सीएसी, बीआरसी, बीईओ या जिला शिक्षा अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

महासमुंद में धान खरीदी में प्रगति, किसानों को मिल रहा बेहतर समर्थन मूल्य

महासमुंद 29 नवंबर। महासमुन्द जिले में खरीफ विपणन वर्ष हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य अपनी पूर्ण सरलता, सुगमता गति से चल रहा है। 27 नवम्बर तक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंतर्गत 182 उपार्जन केन्द्रों पर धान की खरीदी की जा चुकी है। इस दौरान कुल 23,285 किसानों से 1,12,298.16 टन धान खरीदी गई, जिसका मूल्य 258 करोड़ 28 लाख 59 हजार रुपये तक पहुंच चुका है। यह धान खरीदी में किसानों को मिलने वाले बेहतर समर्थन मूल्य का स्पष्ट संकेत है।

खरीदी के दौरान 38 केन्द्रों पर 3000 क्विंटल से कम और 103 केन्द्रों पर 5000 क्विंटल से कम धान की खरीदी हुई, बावजूद इसके कुल खरीदी में शानदार वृद्धि देखी गई। 4517 किसानों ने स्वस्फूर्त रकबा समर्पित किया है। बारदाना की आपूर्ति भी इस बार उच्चतम स्तर पर रही। 83,96,792 नग बारदाना प्राप्त हुए हैं और 53,16,694 नग बारदाना उपार्जन केन्द्रों में शेष हैं। यह दर्शाता है कि सरकार ने किसानों को बेहतर सुविधा और सुविधा प्रदान करने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए हैं।जिले में किसानों को अब धान की बिक्री में कोई कठिनाई नहीं हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा सहकारी समिति शेर में की गई बेहतर व्यवस्थाओं और टोकन तुहर हाथ ऐप की सुविधा ने किसानों के लिए धान की बिक्री को और भी सरल बना दिया है। अब किसान घर बैठे ही अपना टोकन काट सकते हैं और आसानी से धान की बिक्री कर रहे हैं। शेर धान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए विशेष सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं, जैसे बैठक, पेयजल, शौचालय और सीसीटीवी कैमरे सहित बायोमेट्रिक मशीन और इलेक्ट्रॉनिक तराजू की व्यवस्था। इन व्यवस्थाओं से किसान निश्चिंत होकर अपनी धान की बिक्री कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री से बच रहे हैं।यहां धान विक्रय करने पहुंचे ग्राम मोरधा के किसान श्री लखन लाल साहू ने बताया कि उन्होंने 20 एकड़ में कृषि कार्य किया है और धान खरीदी के दौरान उन्हें कोई असुविधा नहीं हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की सराहना की और कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है। इसी तरह ग्राम मुरकी के किसान श्री भारत राम साहू ने भी धान खरीदी केन्द्र की सुविधाओं की सराहना की और बताया कि उन्होंने 10 एकड़ में कृषि किया है। धान की बिक्री के बाद 72 घंटे के भीतर उनके खाते में राशि जमा हो गई, जिसे वह बोरवेल खुदवाने और बेटे की शादी में उपयोग करेंगे। भारत राम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्णय की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

5 साल का बच्चा बना जज, सुनाया फैसला मम्मी-पापा दोनों के साथ रहना है

रायगढ़, 29 नवम्बर। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया, श्रीमती प्रियंवदा सिंह जूदेव, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने आज कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में महिला उत्पीडन् से संबंधित प्रस्तुत 25 प्रकरणों पर जन सुनवाई की। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज प्रदेश स्तर की 289 वीं एवं रायगढ़ जिले में 8 वीं सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष को विस्तार से सुना गया। आवेदिका की शिकायत पर आंतरिक परिवाद समिति का नियमानुसार गठन और कार्यवाही होना प्रतीत नहीं होता है व पूर्ण प्रक्रिया का पालन भी नहीं हुआ। कॉलेज के प्रवेश द्वार के सामने आंतरिक परिवाद समिति का पोस्टर भी डिस्प्ले होना और विधिवत कार्यवाही नहीं हुई है। इस हेतु सखी के प्रोटेक्सन ऑफिसर को आयोग की ओर से अधिकृत किया जाता है एवं कॉलेज में आंतरिक परिवाद समिति का गठन कराने हेतु निर्देशित किया गया। दो माह में आयोग को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे ताकि उसके आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस संबंध में प्रभारी सदस्य के संपर्क में रहेंगे। रिपोर्ट मिलने के पश्चात अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।अन्य प्रकरण में 19 छात्रायें प्रस्तुत हुई, जिसमें अनावेदक पक्ष के साथ में कॉलेज के डीन उपस्थित हुए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी छात्रों से अलग कमरे में बयान लिये गए। बंद कमरे में एक-एक छात्रा से अलग-अलग बयान लिया गया। जिसमें किसी भी छात्रा ने अनावेदक के विरोध में कोई शिकायत नहीं बताया है। सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया, श्रीमती प्रियंवदा सिंह जूदेव के द्वारा बंद कमरे में एक-एक छात्रों से बयान लिया गया। इस प्रकरण की जांच में यह सामने आया की विधिवत तरीके से मेडिकल कॉलेज में आंतरिक परिवाद का गठन और कॉलेज के मेन गेट के पास आंतरिक परिवाद समिति का बोर्ड नहीं लगा है। इस पर अनावेदक के साथ उपस्थित मेडिकल कॉलेज के डीन को विधिवत जानकारी दिया गया ।

श्रमिकों के आर्थिक एवं सामाजिक हितों के लिए लगाए जा रहे विशेष श्रम शिविर

रायगढ़, 29 नवम्बर। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप निर्माण श्रमिकों के अधिकाधिक पंजीयन एवं योजनाओं के लाभ प्रदाय करने हेतु जिला रायगढ़ अंतर्गत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र, चावड़ी, निर्माणाधीन भवनों एवं कार्य स्थलों में विशेष श्रम शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में आज अपेक्स हॉस्पिटल, छातामुड़ा चौक रायगढ़ के नवीन निर्माणाधीन अस्पताल भवन में पंजीयन शिविर आयोजित किया गया। जहॉ पर 50 से अधिक निर्माण श्रमिक कार्यरत पाये गये जिसमें से लगभग 37 श्रमिक झारखण्ड राज्य के हैं एवं शेष श्रमिक के जो छत्तीसगढ़ के निवासी हैं उनका श्रम पंजीयन आवेदन किया गया। निर्माण स्थल पर नियोजक द्वारा श्रम कानूनों का पालन किया जा रहा है या नहीं की जॉच हेतु सहायक श्रमायुक्त के निर्देशानुसार श्रम निरीक्षक श्री डीलेन्द्र चौधरी व श्रम कल्याण अधिकारी श्री सौरभ पाण्डेय द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया गया। जॉच के दौरान पाया गया कि अस्पताल प्रबंधन व ठेकेदार द्वारा अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के तहत् अनुज्ञप्ति नहीं लिया गया, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम 1996 के तहत ठेकेदार द्वारा पंजीयन नहीं कराया गया, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के तहत श्रमिकों को न्यूनतम वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है साथ ही समान कार्य के लिए महिला एवं पुरूष श्रमिकों को समान वेतन न देकर सामान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 का उल्लंघन किया गया। जिसके संबंध में प्रमुख नियोजक (अस्पताल प्रबंधन) व ठेकेदार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।समस्त निर्माण श्रमिकों को सूचित किया जाता है कि श्रम विभाग द्वारा प्रत्येक 06 माह (अप्रैल, अक्टूबर) में अनुसूचित सामान्य नियोजन में नियोजित श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर जारी की जाती है एवं विभिन्न श्रम अधिनियमों के माध्यम से श्रमिकों के आर्थिक, शारीरिक एवं सामाजिक हितों के संरक्षण का उपाय किया जाता है। ऐसे समस्त निर्माण श्रमिकों से अपील है कि यदि नियोजक द्वारा उन्हें न्यूनतम वेतन से कम मजदूरी का भुगतान किया जाता है तो वे टोल फ्री नंबर 0771-3505050 या सहायक श्रमायुक्त कार्यालय रायगढ़ में सम्पर्क कर शिकायत प्रस्तुत कर सकते हैं। श्रम विभाग द्वारा शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न श्रम अधिनियमों का प्रवर्तन कर श्रमिकों की सेवा शर्तो का नियमन कराना, श्रमिकों का वेतन एवं कार्य दशायें

अधिकारी मौन, राइस मिलरों के हौसले बुलंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़, 29 नवंबर। राईस मिलर के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होने से उनके हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे है तो दूसरी तरफ अधिकारी जिस प्रकार से टालमटोल का रवैया अपना रहे है उससे कई प्रकार के सवाल खड़े हो रहे है कि ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों कर्मचारियो की टीम गठित कर शहर स्थित अरोरा राईस मिल में छापेमार कार्यवाही की गई. प्राप्त समाचार में बताया गया था कि 14 नवम्बर 2024 को अरोरा इंडस्ट्रीज प्रो. बसंत कौर अरोरा पति जनरैल सिंह अरोरा के राईस मिल का स्टॉक पंजी की जांच व भौतिक सत्यापन करने पर मिल परिसर में 05 स्टॉक धान का होना पाया गया एवं मिल के बाहर पोल्ट्री फॉर्म चौथना में 01 स्टॉक धान का होना पाया गया और मिल परिसर में 5798 क्विंटल उसना चावल पाया गया जिस पर अन्य कंपनी का लेबल वाले थैले में उसना चावल भर कर अन्य देश भेजे जाने की जानकारी दी गई थी जिसके मिलान के बाद राईस मिल में अनुमानित स्टेकवार में कुल 106000 कट्टा धान पाया गया. जाँच के बाद कुल 37555.80 क्विंटल धान का होना पाया गया. मौके पर उपस्थित स्टॉक रजिस्टर जाँच किया गया जिसमें 37319 क्विंटल पाया गया जो कि मिलान करने पर 236.80 क्विंटल धान अधिक होना पाया गया. अतिरिक्त मिले धान की जप्ती बनाकर मंडी अधिनियम की धारा 23 एवं 19(4) के तहत कार्यवाही प्रतिपादित की गई. कार्यवाही के दौरान एसडीएम मनोज मरकाम, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डुमेंद्र ध्रुव, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त तहसीलदार कमल किशोर साहू, खाद्य निरीक्षक सिध्दार्थ मिश्रा एवं कृषि मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर सहित कर्मचारी उपस्थित थे. वहीं दूसरी ओर 15 नवम्बर 2024 को गुरुदेव इंडस्ट्रीज महाराजपुर छुरिया के द्वारा अन्य कंपनी के नाम से उसना चावल भरकर लगभग 200 ट्रक सीमेंट सीलीपाट फैक्ट्री स्थित यार्ड में वैगन लोड कर विशाखापट्टनम के रास्ते साउथ अफ्रीका के नाईबेरिया शहर ट्रेन में लोडिंग करने की जानकारी मिली थी व पूछताछ करने के बाद राईस मिलरो में हड़कंप मच गया था. चर्चा तो यहाँ तक थी कि अन्य कुछ राईस मिलरो के द्वारा भी अन्य कंपनियों के नाम से उसना चावल भरकर अफरातफरी करने की चर्चा सामने आई थी जिसके बाद जिला खाद्य निरीक्षक डोमेंद्र ध्रुव ने बताया था कि उसना चावल का सैंपल लेकर जाँच के लिए भेजा गया है जाँच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी परंतु दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी राईस मिलरो के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने से कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है. इसको लेकर जिला खाद्य निरीक्षक डोमेंद्र ध्रुव से चर्चा करने पर बताया गया कि अन्य कंपनी के नाम से उसना चावल की अफरातफरी करने की शिकायत आने के बाद कई राईस मिलरो की निगरानी की जा रही है सबूत मिलती ही उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी.

जल जीवन मिशन से आदेड़ के ग्रामीणों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

बीजापुर 29 नवंबर। जिला मुख्यालय से लगभग 40-45 किलोमीटर दूर आदेड़ स्थित है जो ग्राम पंचायत कान्दलूनार का आश्रित ग्राम है। इस ग्राम में लगभग 36 परिवार निवास करते है और पहले यहाँ के लोग 10 हैण्डपंपों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति प्राप्त करते थे। अब जल जीवन मिशन योजना के तहत आदेड़ के लोगों को घर पर ही शुद्ध पेयजल मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत 3 सोलर आधारित सिंगल विलेज प्रणाली का निर्माण किया गया है जिससे हर घर को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है।ग्रामसभा के माध्यम से सरपंच श्रीमती पुष्पा फुलसे और ग्रामवासियों की सहमति से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी और जिला समन्वयक टोपेश्वार साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण प्रक्रिया की गई। इसके बाद सरपंच श्रीमती पुष्पा फुलसे द्वारा आदेड़ को हर-घर जल घोषित किया गया। इस योजना के संचालन और प्रबंधन के लिए ग्रामीणों को जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गया। भविष्य में इस योजना का संधारण और संचालन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा। जल जीवन मिशन के तहत आदेड़ ग्राम के निवासियों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता से उनकी जीवनशैली में सुधार होगा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आएगी।

प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के परिजनों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर, 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के परिजनों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत सर्पदंश से मृत्यु के 2 प्रकरणों में मृतक सायबो पोयामी के निकटतम वारिस उनके पिता श्री आयतु पोयामी निवासी ग्राम कोमपल्ली, मृतिका मासे कुंजाम के निकटतम वारिस उनके पति श्री भीमा कुंजाम निवासी ग्राम मेटापाल प्रत्येक को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह नदी -नाले के पानी में डुबने से मृत्यु के 3 प्रकरणों में से मृतक राजू कड़ियम के निकटतम वारिस उनकी पत्नि सन्नी कड़ियम निवासी गंगालूर, मृतक दुब्बा धरमैया के निकटतम वारिस उनकी पत्नि दुब्बा सरिता निवासी देपला एवं मृतिका सोमली कश्यप के निकटतम वारिस उनके पति श्री सुदरू कश्यप निवासी केतुलनार सहित कुल 5 पीड़ितों के परिजनों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

बच्चों के शारिरिक और मानसिक विकास में कारगर भूमिका निभा रहे हैं पार्षद जितेन्द्र

बीजापुर, 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगरपालिका क्षेत्र के युवा पार्षद जितेंद्र हेमला इन दिनों पूरे नगरपालिका क्षेत्र के शालाओं मे बच्चों को शिक्षा के अलावा खेल मे रूचि बढाने स्कूली बच्चों को खेल सामग्री का वितरण कर रहे है इसी क्रम में गुरुवार को भी पार्षद जितेंद्र हेमला ने बीजापुर के डारापारा .जेलवाडा पनारापारा.के स्कूल पहुंच कर बच्चों को खेल सामग्री का वितरण किया जिनमें क्रिकेट किट फुटबॉल बेडमिंटन तवा लूडो आदि शामिल है खेल सामग्री पाकर स्कूली बच्चे बेहद प्रसंन्न नजर आए बच्चों ने इस मौके पर पार्षद का आभार जताया इस मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने पार्षद को.धन्यवाद दिया इस दौरान प्रधानाचार्य तोकल सोमा .कृष्णा बोरला शशि मिंज मौसमी शर्मा वेदवती मांझी रूपधर समरथ अनुसुइया लहरी आदि शिक्षक शिक्षिकाये मौजूद रही।

छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने किया नवपदस्थ डीईओ का स्वागत

बीजापुर, 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के सह संचालक कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिला संचालक प्रहलाद जैन वा राजेश मिश्रा एवं सह संचालक कैलाश रामटेके के नेतृत्व में मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्री लखन लाल धनेलिया का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया।प्रतिनिधि मंडल से जिला शिक्षा अधिकारी ने सौजन्य भेंट करते हुये कहा कि आप सबके सहयोग से जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।स्थानीय स्तर पर जो भी शिक्षको की समस्या होगी उसे दूर करने का प्रयास किया जावेगा।आपसी तालमेल से ही हम जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे।प्रतिनिधि मंडल मे ब्लाक संचालक गण शाँति लाल वर्मा,शिव पूनेम,विजय चापड़ी,राकेश गिरि,महेन्द्र काशी,किरण कावरे,महेश यालम,नागेश गुरला,विनोद बोरला मनोज कावटी आदि शिक्षक एवं पदाधिकारी शामिल थे।

मालवाहक की टक्कर से दोपहिया सवार दो युवकों की मौत

डोंगरगढ़ , 29 नवंबर। मालवाहक ने दोपहिया वाहन को मुढ़पार मोड़ पर जबरदस्त ठोकर मार दी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोपहिया वाहन में सवार दोनों युवको की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस सूत्रों से प्राप्त समाचार में बताया गया कि 27 नवम्बर के देर शाम लगभग 10 बजे रात में राजनांदगांव की ओर से डोंगरगढ़ की ओर दो युवक मोटर साइकिल क्र. सुपर स्प्लेन्डर छ.त्र 24 रू2372 में सवार होकर आ रहे थे कि मुड़पार के अंधे मोड़ पर अज्ञात बड़े वाहन के द्वारा जबरदस्त ठोकर मार दी गई जिसके कारण दोपहिया सवार दोनों युवको की मौत मौके पर ही हो गई. दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि मोटर साइकिल सवार हेलमेट पहने हुए था जो दुर्घटना टुकड़ो में तब्दील हो गई और दोपहिया वाहन चकनाचूर हो गया. मृतक के पास पाए गए पहचान पत्र से पुलिस को ज्ञात हुआ कि एक मृतक का नाम राजू खोब्रागढ़े पिता तीजु खोब्रागढ़े उम्र 40 वर्ष निवासी मोहारा बजरंग वार्ड नं. 47 थाना बसंतपुर राजनांदगांव और दूसरे का युवराज यादव पिता शंकर यादव उम्र 21 लगभग थाना बसंतपुर राजनांदगांव के निवासी बताए गए है। परिजनों की शिकायत पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मृतको का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है और अज्ञात वाहन की तलाश तेज कर दी गई है।

एसबीआई ने डिजिटल साइबर सुरक्षा के प्रति ग्राहकों को किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 29 नवम्बर। वित्तीय और बैंकिंग क्षेत्र में दिन प्रतिदिन तकनीक का प्रयोग बढ़ता जा रहा है और साथ ही बढ़ रही हैं धोखाधड़ी की संभावना और आशंकाएं. इसमें जरूरी है कि ग्राहक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे, साइबर अपराधों से बचने के सभी सुरक्षा उपायों से अवगत रहे तथा वित्तीय लेन-देन में पर्याप्त सावधानी रखें. देश की अग्रणी वित्तीय संस्था, भारतीय स्टेट बैंक, ग्राहकों के हित में, अपने दायित्वों का अनुपालन करने हेतु, समय समय पर विभिन्न आयोजन करती रहती है.

इसी तारतम्य मे 26 नवंबर को प्रदेश भर में, विभिन्न शहरों में भारतीय स्टेट बैंक ने टाउन हाल मीटिंग आयोजित की, जो कि मुख्यतः डिजिटल बैंकिंग से जुड़ी सुविधाएं, सावधानियां तथा सुरक्षा के उपायों पर केंद्रित था. उक्त कार्यक्रम भाटापारा में होटल रॉयल इन में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेम सिंह सिदार (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों को विस्तार पूर्वक सभी प्रकार की डिजिटल धोखाधड़ी एवं तत्संबंधित बचाव के उपायों से अवगत कराया. कार्यक्रम में बिलासपुर से पधारे भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र मित्तल ने स्वच्छ द्वारा ग्राहकों के हित से जुड़े नए उत्पाद और उपाय, ग्राहकों के अधिकार, किसी दुर्घटना की स्थिति में संपर्क हेतु बैंक की वेब साइट तथा टोल फ्री नंबरों से ग्राहकों को परिचित कराया.

कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, प्रमुख उद्योगपति, व्यावसायी गण, शिक्षा विभाग, पेंशनर, कॉन्ट्रेक्टर, होटल व्यावसायी आदि सभी प्रमुख संस्थानों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की, अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और ग्राहकों में जागरुकता लाने हेतु SBI के प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

महर्षि वेदव्यास कालेज में मनाया गया संविधान दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 29 नवम्बर। महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्रांगण मे प्राचार्य के द्वारा संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्राध्यापकगण, व्याख्यातागण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष रामकिशोर यादव के द्वारा बताया गया कि संविधान का निर्माण कैसे और क्यों किया गया। उन्होने कहा कि हम सब नागरिकों को संविधान को अपने अंदर आत्मसात करना चाहिए।

संविधान दिवस के अवसर पर वर्तमान संदर्भों में संवैधानिक मूल्यों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष रामकुमार यादव द्वारा बताया गया कि संविधान की दृष्टि से सभी नागरिक समान है, संविधान सभी नागरिकों को अवसर एवं प्रतिष्ठा की समता प्रदान करता है। उन्होने कहा कि सभी नागरिकों को संविधान द्वारा प्रदत्त संवैधानिक मूल्यों की स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए। डॉ. कविता वैष्णव विभागाध्यक्ष हिंदी द्वारा संविधान से प्रदत्त नारी अधिकार के सन्दर्भ मे विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया व बताया गया कि किस प्रकार से संविधान नारियों की सुरक्षा के लिए प्रावधान प्रदान किए है। दिनेश कुमार नाग विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग द्वारा संविधान से प्रदत्त सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय के बारे मे बतलाया गया। उन्होंने संविधान की आत्मा संविधान की प्रस्तावना मे उल्लेखित महत्वपूर्ण शब्द बंधुता, व्यक्ति की गरिमा, लोकनियुक्ति मे अवसर की तथा प्रतिष्ठापूर्वक जीवन व्यतीत करने की समता पर प्रकाश डाला। डॉ. मोना वर्मा व्याख्याता राजनीति विज्ञान द्वारा वसुधैव कुटुंबकम् एवम् संविधान पर अपनी बात रखी गई। प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार को संविधान दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संविधान प्रदत्त अधिकार एवं कर्तव्य की जानकारी रखने की बात कही।संविधान का सम्मान करते हुए आत्मसात करने पर प्रबल जोर दिया गया। वर्तमान सन्दर्भ मे संवैधानिक मूल्यों आधारित पर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों के प्रश्न का उत्तर उपस्थित प्राध्यापक द्वारा दिया गया। संविधान दिवस के अवसर पर समस्त कार्यक्रम का संचालन रामकिशोर यादव विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम मे सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, व्याख्यातागण, कर्मचारीगण, एनएसएस वॉलंटियर, विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

एक नजर

विलंबित जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए तहसीलदार प्राधिकारी नियुक्त

बलौदाबाजार, 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ संवाददाता)। कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम 2023 की धारा 13(3) के तहत किसी भी जन्म एवं मृत्यु की सूचना रजिस्ट्रार को उसकी घटना के एक वर्ष के पश्चात देने के मामले में, विलंबित पंजीयन आदेश जारी करने हेतु जिले के सभी तहसीलदार को उनके अधिकार क्षेत्र के भीतर आगामी आदेश पर्यन्त प्रधिकारी नियुक्त किया गया है। इस तरह विलंबित पंजीयन आदेश के उपरांत ही संबंधित रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) के द्वारा जन्म अथवा मृत्यु का पंजीयन किया जावेगा। यदि किसी व्यक्ति द्वारा प्राधिकृत अधिकारी (तहसीलदार) के आदेश के विरूद्ध अपील दायर किया जाता है तो इस अपील के निराकरण हेतु अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रभार क्षेत्र) को सक्षम प्राधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की हुई नियुक्ति

बलौदाबाजार, 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ संवाददाता)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (त्रिस्त0 पंचायत) दीपक सोनी ने छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1994 के अध्याय-3 के नियम 13 एवं 14 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए त्रिस्त0पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए जनपद पंचायत बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी, कसडोल, के निर्वाचन कार्य हेतु निम्नलिखित अधिकारियों को रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। जिसके अनुसार जनपद पंचायत बलौदाबाजार के लिए रिटर्निंग ऑफिसर राजू पटेल, तहसीलदार बलौदाबाजार, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अक्षय कुमार तिवारी नायब, तहसीलदार बलौदाबाजार पी सी पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलौदाबाजार, जनपद पंचायत भाटापारा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमति प्रेमा मिंज अति0 तहसीलदार भाटापारा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अभिषेक अग्रवाल, नायब तहसीलदार हिमांशु वर्मा मुख्यकार्यपालन अधिकारी भाटापारा, सिमगा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अनिरूद्ध मिश्रा, प्रभारी तहसीलदार सिमगा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दिलीप कुमार सामल द्वारा उक्त कार्य का निर्वहन करेंगे।

राजस्व मंत्री ने ग्राम जर्वे में करोड़ों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

सरकार विकास कार्यों में तेजी लाने संकल्पित: टंकराम

■ मिडिल स्कूल में किचन शेड के लिए 7 लाख देने की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 29 नवम्बर। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने गुरुवार को पलारी विकासखंड के ग्राम जर्वे में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकर्पण किए। इस अवसर पर ग्रामीणों की माँग पर मिडिल स्कूल में किचन शेड निर्माण हेतु 7 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश में जब से हमारी सरकार बनी है तब से निरंतर विकास कार्यों को गति दी जा रही है।क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय निरंतर कार्य कर रहे है। विकासखंड में निरंतर कार्य हो रहा है।आज बहुत से निर्माण कार्यों का लोकार्पण यह बता रहा है कि जर्व गांव विकास की ओर बढ़ रहा है। मोदी की गारंटी को पूरा करने विष्णु सरकार निरन्तर काम कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सोच हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी का है। इसके लिए महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ में शुरू हुआ।किसानों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि के लिए विष्णु सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपए में धान की खरीदी कर रही है।बलौदाबाजार से रायपुर फोरलेन सड़क की सुविधा विष्णु सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की तरक्की, विकास के लिए छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने निरंतर कार्य कर रही है।

इन अवसर पर सामाजिक समरसता भवन, स्वतंत्रता सेनानी-स्मृति मंच, प्राथ स्वास्थ्य केंद्र-प्रवेश द्वार एवं बाउड्रीवाल, कन्या माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त भवन निर्माण, अतिरिक्त भवन बालक विद्यालय, सार्वजनिक शौचालय बाजार चौक, खेल मैदान शेड व चबुतरा निर्माण, मुक्तिधाम प्रवेशद्वार, बाउंड्रीवाल.तार फेसिंग एवं सार्वजनिक शौचालय देवतालाब कार्यो का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुमित्रा धृतलहरे, जनपद सदस्य टिकेश्वरी वर्मा, सरपंच मुन्नी वर्मा, खोड़स राम कश्यप, तेज राम वर्मा, महेन्द्र साहु सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने करें सार्थक प्रयास : कलेक्टर

■ बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए कराया जाएगा रिवीजन

■ प्राचार्यों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

बलौदाबाजार, 29 नवम्बर। कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रचार्यों की समीक्षा बैठक लेकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने आगामी 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में जिला का बेहतर परिणाम हेतु सार्थक प्रयास करने प्राचार्यो को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए प्रश्न बैंक तैयार कर उपलब्ध कराने, पिछले 8-10 वर्ष के प्रश्न पत्र का अभ्यास तथा रिवीजन कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में जिले का परिणाम बेहतर होना चाहिए। किसी भी स्थिति में राज्य औसत से कम प्रतिशत न हो। शिक्षक व प्राचार्य अपने दायित्व का केवल निर्वहन ही नहीं बल्कि बच्चों के भविष्य का ध्यान रखते हुए शिक्षकीय कार्य करें। शिक्षक सहयोग व लगन से बच्चों का भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है वहां सदाचार की महती भूमिका है। शिक्षक अपने आचरण व सदव्यवाहर का मिशाल पेश करें।कोई शिक्षक स्कूल में अमर्यादित या अनैतिक न करें। ऐसे कृत्य करने की शिकायत मिलने पर सम्बंधित शिक्षक पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्यवाही के लिए बीईओ व डीईओ को निर्देशित किया।

शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 29 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रार्थी योगेश कुमार धृतलहरे निवासी ग्राम पौसरी द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि मेरे गांव का ज्ञानेश्वर, जो कि वर्तमान में भरसेली में रहता है, जो की 10.01.2024 में वन विभाग में भृत्य की नौकरी दिलाने के नाम पर अलग-अलग किस्तों में मुझसे 2, 40, 000 लिया है। आरोपी द्वारा वन विभाग के ऑफिस में घूमाकर एवं उच्च अधिकारियों से जान पहचान होने का झांसा देकर मुझे शासकीय नौकरी लगने का भरोसा दिलाया एवं जॉइनिंग लेटर मिलेगा बताया जो आज तक नहीं मिला। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 881/2024 धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ज्ञानेश्वर धृतलहरे को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी युवक से वन विभाग में भृत्य की नौकरी के नाम पर 2, 40, 000 रकम लेना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिन अंक 28.11.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी का नाम ज्ञानेश्वर धृतलहरे उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम भरसेली थाना सिटी कोतवाली है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411093400006

विषय:- अ-6
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
डोंगरगढ़ (प.ह.न. 00025),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- डॉ. रामेश्वर नाथ सिंह, राकेश बहादुर सिंह,
अनावेदक पक्षकार- पृथ्वीपालसिंह,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर नाथ सिंह आ. स्व. पृथ्वीपाल सिंह एवं अन्य 02 जाति राजपूत निवासी वार्ड नंबर 21 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा दिनांक 28/10/2024 को सी.टी. सीरीज क्रमांक 202324420417700022 के माध्यम से आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/पति पृथ्वीपाल सिंह आ. देवनारायण के नाम पर ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ में खसरा नंबर 24/2, 24/3, 24/4, 24/7, 24/10, 226/7, 226/8 रकबा क्रमशः 0.210, 0.214, 0.210, 0.356, 0.243, 0.024, 0.012 हे. कुल खसरा नंबर 07 कुल रकबा 1.269 हे. लगान 1.22 रू.पै. भूमि स्थित है। भूमिस्वामी पृथ्वीपाल सिंह के द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूमि का पंजीकृत वसीयतनामा का निष्पादन आवेदकगणों के पक्ष में किया गया है। वसीयतकर्ता/भूमिस्वामी पृथ्वीपाल सिंह की मृत्यु दिनांक 10.04.2024 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 12.12.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411095200014

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
हरनसिंघी प.ह.न. 00021 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- बीना यादव,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बीना यादव पति सेवाराम यादव जाति यादव सा. हरनसिंघी तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री कविता यादव आ. सेवाराम का जन्म दिनांक 23.02.2010 को स्थान हरनसिंघी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 09.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411095200015

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
हरनसिंघी प.ह.न. 00021 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- संतोषी कदम,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संतोषी कदम पति संतोष कदम जाति कुर्मी सा. हरनसिंधी तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री वर्षा कदम आ. स्व. संतोष का जन्म दिनांक 17.07.2011 को स्थान हरनसिंघी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 09.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411095200013

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
हरनसिंघी प.ह.न. 00021 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- पार्वती कदम,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पार्वती कदम पति रामचंद कदम जाति कुर्मी सा. हरनसिंघी तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र प्रहलाद कदम आ. रामचंद कदम का जन्म दिनांक 27.01.2008 को स्थान हरनसिंघी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 09.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202411142400011/अ-2/2023-24
साकिन:-कोटतरा, प.ह.न.-17

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर पिता गोविन्द, जाति कलार, निवासी ग्राम कोटतरा, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम कोटतरा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1255/1, 1256/2 कुल रकबा 0.09 हेक्ट. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 06.12.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 20.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-202411142400013/अ-2/2023-24
साकिन:-अरौद, प.ह.नं.- 29

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेकेश्वर पटेल पिता जगदीश पटेल, जाति मरार, निवासी ग्राम अरौद, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम अरौद, प.ह.नं. 29 में स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1174/2 रकबा 0.0200 हेक्ट. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 03.12.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 13.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम टेमरी प.ह.नं. 21 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदक शत्रुहन पिता उदेराम जाति सतनामी साकिन टेमरी प.ह.नं. 21 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि अपनी दादी स्व. श्रीमती पुसैया बाई पति मंगला की मृत्यु दिनांक 20/05/1989 में ग्राम टेमरी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवशः आज तक दर्ज नहीं करा पाये हैं जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 10/12/2024 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 28/11/2024 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुहर नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECITOVE ENGINEER
T.D.P.P. WATER RESOURCES DIVISION JAGDALPUR DISTRICT-BASTAR
CORRIGENDUM NO. 1

IN NIT No.:- 11, 12, 13, 15, 16/SAC/2024-25, Jagdalpur Dated : 20.11.2024, System Tender **No-161263, 161334, 161335, 161337, 161338 (1st Call),** Whose G-Number- is 242503970 dated 21.11.2024 following amendments are made-

S.No.	Amendments
1	2
1	**Clause 2.8.1** of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4515/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur, Date 25.11.2024.
2	**Clause 4.3.36** of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4504/F-7-7/S-2/31/2001. Nava Raipur, Date 22.11.2024.

Note:- Detailed Amendments can be viewed on the web site https://eproc.cgstate.gov.in. All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
T.D.P.P. WATER RESOURCES DIVISION
JAGDALPUR, DISTRICT-BASTAR (C.G.)

G-242504133/8

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) सुकमा संभाग, सुकमा
मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-3677/NIT-05/2024-2025/ व ले लि — दिनांक: 26/11/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	:-	09.12.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि	:-	16.12.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	:-	17.12.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी	:-	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में)	:-	T0026 To T0031- 1500.00
एस.ओ.आर.	:-	The Rates and Specification are based as per Road/Bridge/Culvert SOR issued CGRRDA 2018
कार्य की अवधि	:-	Period 04 Months From Reckoned Date

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ No of calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में)
1	2	3
05 T0026	सामसुली-डोंगीनपारा मार्ग में परिया नाला पर 8 मी. × 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य पार्ट-1 जिला सुकमा (1st Call)	36.81 28000.00 555000.00
05 T0027	सामसुली-डोंगीनपारा मार्ग में परिया नाला पर 8 मी. × 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य पार्ट-2 जिला सुकमा (1st Call)	43.62 32800.00 654300.00
05 T0028	सामसुली-डोंगीनपारा मार्ग में परिया नाला पर 8 मी. × 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य पार्ट-3 जिला सुकमा (1st Call)	30.54 23000.00 458500.00
05 T0029	बड़ेसेट्टी से गंधारपारा मार्ग में मूलेर नाला पर 8 मी. × 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य (भाग-01) (1st Call)	36.81 28000.00 555000.00
05 T0030	बड़ेसेट्टी से गंधारपारा मार्ग में मूलेर नाला पर 8 मी. × 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य (भाग-02) (1st Call)	43.62 32800.00 654300.00
05 T00231	बड़ेसेट्टी से गंधारपारा मार्ग में मूलेर नाला पर 8 मी. × 3 स्पान माईनर ब्रिज का निर्माण कार्य (भाग-03) (1st Call)	30.54 23000.00 458500.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

नोट:- वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, 2. शपथ पत्र 3. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, 4. पैन कार्ड, 5. आधार कार्ड, 6. वैध बैंक साल्वेंसी, 7. ठेकेदारों के द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि पत्र (**E.P.F.**), 8. आयकर चुकता प्रमाण/वाणिज्यकर कार्यालय में जी.एस.टी. पंजीयन व कर चुकता प्रमाण पत्र (विगत त्रैमास/माह) सभी संबंधित दस्तावेज स्वयं के नाम पर पंजीकृत हो प्रस्तुत करना अनिवार्य है न होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा 9. टी.डी.आर./एफ.डी.आर. फोटोकापी होने की स्थिति में अनर्ह माना जावेगा।

(D) Financial offer. (E) Bid Capacity (Appendix 1), information in Annexure 1. { SPECIAL CONDITIONS OF N.I.T. 19(A)-(FOR TENDER value less than Rs. one crore) (F) Existing commitments and ongoing all classes of civil engineering construction works, by the Prime Contractor information in Annexure 2 (G) Affidavit in prescribed format Annexure 3 attached in N.I.T. Documents.

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
सुकमा, सुकमा संभाग

जी-242504124/5

एक नजर

गृह मंत्री अमित शाह 7 को आएंगे रायपुर

रायपुर 29 नवंबर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 7 दिसंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे. उनके साथ केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी रायपुर आएंगे. जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह बस्तर ओलंपिक के कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके अलावा रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस के कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें वे प्रेसिडेंट पुलिस कलर प्रदान करेंगे. कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रशासन और पुलिस महकमे की तैयारी शुरू हो गई है.

सड़क सुरक्षा पर मुख्यमंत्री के कठोर दिशा-निर्देश

रायपुर, 29 नवम्बर(मुख्य नगर संवाददाता)। प्रदेश में जीई रोड, बाइपास में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने चिंता जाहिर की है। आज मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि फोरलेन तथा अन्य प्रमुख सड़कों पर आवारा पशुओं की आवाजाही को रोका जाए इसके लिए संबंधित अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश दिया जाए। ज्ञात रहे हाईकोर्ट ने भी संज्ञान लेकर सरकार को निर्देश दिया है कि वह सड़क सुरक्षा व्यवस्थ को सुधारें।

हाइवा चालक से नकदी सहित मोबाइल की लूट

रायपुर, 29 नवम्बर। सारखी रोड में अज्ञात चार लड़कों ने हाइवा को रोककर चालक से नकदी 13 हजार और मोबाइल लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वेदराम धनगर 32 वर्ष रानीतराई पाटन का रहने वाला है। प्रार्थी हाइवा वाहन को लेकर कहीं जा रहा था, तभी सारखी रोड में अज्ञात चार युवकों ने हाइवा को रोका और चालक को नीचे उतारकर नकदी 13 हजार रुपए और मोबाइल लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर, 29 नवम्बर। क्लासिक सिटी परसुलीडीह स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 1 लाख 36 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक साव 50 वर्ष क्लासिक सिटी परसुलीडीह का रहनेव वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 1 लाख 36 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख 59400 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मॉल के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर, 29 नवम्बर। कलर्स मॉल के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नेतराम साहू 31 वर्ष सुदामा नगर टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 2446 को कलर्स कर जांच में लिया है।

विद्युत कर्मचारियों से मारपीट

रायपुर, 29 नवम्बर। मानपुर तुलसी नेवरा में बिजली चेकिंग के लिए आए कर्मचारियों के साथ दो लोगों ने मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरीश कुमार ठाकुर 32 वर्ष बिजली ऑफिस नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी मानपुर तुलसी नेवरा में बिजली का भुगतान नहीं होने पर चेकिंग करने गए थे। तभी आरोपी कामता सोनवानी एक अन्य ने प्रार्थी व उसके कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर, 29 नवम्बर। खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 95 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग जगह दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी अरूण साहू 26 वर्ष, अशोक साहू 48 वर्ष और प्रकाश टंडन 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से कुल 95 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

स्थानीय चुनाव : मतदान केंद्रों, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य की तैयारियां दुरुस्त करने निर्देश

राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त अजय सिंह ने ली तीन संभागों के अधिकारियों की बैठक

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 नवम्बर। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव कराने के लिए संभागवार बैठक लेना शुरू कर दिया है। आज दुर्ग, बिलासपुर, और सरगुजा संभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आयुक्त अजय सिंह ने मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की व्यवस्था सहित अन्य कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा शासन के निर्देश पर पहली बार नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। सभी जिलों के कलेक्टरों के द्वारा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अगले महीने कर दिया जाएगा। आयुक्त अजय सिंह एवं सचिव सर्वेश्वर भूरे ने तीन संभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे मतदान केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नक्सली क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त फोर्स जुटाने का भी निर्देश दिया गया है। कर्मचारियों को विधिवत प्रशिक्षण देने के लिए भी टाइम टेबल बनाया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से कराया जाएगा इसके लिए कागज की समुचित व्यवस्था करने का भी प्रावधान रखा गया है। मतदान केंद्रों में मतदान के दिन मतदाताओं की उंगली में अमिट स्याही लगाने के लिए प्रत्येक जिले में टेंडर कॉल करने को कहा गया है। यह स्याही मैसूर में बनती है। आयोग के अनुसार आज तीन संभागों की बैठक हुई। इसके पहले दो संभागों की बैठक में भी यही निर्देश दिए गए थे। आयोग द्वारा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की जाएगी जिसमें वरिष्ठ, संयुक्त व डिप्टी कलेक्टरों को चुनाव ड्यूटी में लगाया जाएगा। पंचायत चुनाव के लिए पंचायत कर्मियों को तैनात किया जाएगा। पंच-सरपंच के परिणाम उसी दिन घोषित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य में नगरीय निकायों की संख्या 192 है। इनमें से 13 नगर निगम है। यहां पर चुनाव को लेकर भारी गहमा-गहमी है। रायपुर नगर निगम के एक-एक वार्ड में मतदाताओं की संख्या 12 हजार से लेकर 18 हजार है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत चुनाव को लेकर लोग काफी उत्सुक हैं। पहले पंच-सरपंच फिर जनपद उसके पश्चात जिला जनपद अध्यक्ष के चुनाव होंगे। इन चुनावों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी उत्साह है। कहने को तो पंचायत चुनाव गैर राजनीतिक आधार पर लड़े जाते हैं लेकिन दलगत आधार पर ही प्रत्याशियों को जिताने की कवायद चल रही है।

एसएसपी ने रात में चेकिंग पॉइंटों का किया निरीक्षण

रायपुर 29 नवंबर। एसएसपी संतोष सिंह रात में निकल औचक थाना खमतराई, उरला पहुंचे और थाना का निरीक्षण किया द्य उन्होंने नाइट पैट्रोलिंग को चेक करने के साथ ही थाने के लॉकअप का अवलोकन किया और थाने के नाईट ऑफिसर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए द्य इसके साथ ही मरीन ड्राइव, जय स्तम्भ चौक, एनआईटी के सामने और अन्य चेक पॉइंट का जायजा लिया। चेकिंग के दौरान ड्रंकन ड्राइविंग पर गाड़ियों की जप्ती और दर्जनों संदिग्ध लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। कुछ के साथ चाकू पकड़ा गया जिन पर आर्म्स एक्ट किया जा रहा है। देर रात तक चेकिंग चलती रही। इस दौरान एएसपी लखन पटले, सीएसपी आज़ाद चौक अमन कुमार झा व सीएसपी सिविल लाईन अजय कुमार उपस्थित रहे।

हरिवंश राय बच्चन की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी

रायपुर 28 नवंबर। राष्ट्रीय हिंदी साहित्य विकास संस्थान के तत्वावधान में कवि हरिवंश राय बच्चन की पुण्यतिथि पर सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन तेलघानी नाका स्थित काव्यालय परिसर में प्रदेश के वरिष्ठ कवियों की उपस्थिति में किया गया। कभी बच्चन को याद करते हुए उनकी प्रसिद्ध कृति मधुशाला की चंद पंक्तियां भी पढ़ कर सुनाई गई। इसके अलावा अन्य नमचीन कवियों सुरेंद्र रावल, संजीव ठाकुर, डॉ महेंद्र ठाकुर, राजेश जैन राही के पी सक्सेना दूसरे, डॉक्टर जे के डागर और डॉ सुरेश तिवारी ने अपनी अपनी अलग-अलग रंगों की कविताएं पढ़ी। चिंतक लेखक कवि संजीव ठाकुर ने मधुशाला पर अपनी कविता पढ़ी-

उसने इतनी पी शराब
इतनी पी शराब
मन झूम गया मय में
और सुध-बुध
खो गया

बस्तर से पधारे सुरेंद्र रावल जी ने गंभीर कविता पढ़ी दीवट की जलती लौ सहसा लहराई है, पास कहीं पायल झनकी है।।जगदलपुर के अनुभवी कवि डॉ सुरेश तिवारी ने अपनी श्रृंगार रस की कविता पढ़ी इसके अलावा डॉक्टर महेंद्र ठाकुर ने भी कविताएं पढ़ी, गोष्ठी का संचालन राजेश जैन ने किया देर रात चली इस गोष्टि के अवसर पर अनेक बुद्धिजीवी एवं मनीषी श्रोता उपस्थित थे।

सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जैन संवेदना ट्रस्ट का जागरूकता अभियान

रायपुर 29 नवंबर। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि मृतक के अंतिम संस्कार उपरांत अनेक प्रचलित रीति रिवाज़ हैं जो की बोझिल और आज के समय में अप्रासंगिक हैं , जैसे 13 दिन की शोक बैठक , लम्बे शांतिमिलन , सिखबाड़ी व मृत्यु भोज इत्यादि । अनेक शोकाकुल परिवारों , रिश्तेदारों व परिचितों समाजजनों से जैन संवेदना ट्रस्ट ने विस्तृत चर्चा व विचारविमर्श कर गाईड लाईन जारी की है । कोचर व चोपड़ा ने आगे बताया कि शान्ति मिलन हेतु समय सीमा 48 मिनट निर्धारित की गई है । वर्तमान में देखा गया है कि शोक सभा में अनेक प्रचलित गीत , बच्चों की

अभिव्यक्ति और श्रद्धांजलि वक्तव्यों व टोपी बदलने के रिवाज में कुल मिलाकर लगभग 2 से 2 . 30 घंटे का समय लग रहा है । और ज्यादातर शान्ति मिलन के कार्यक्रम प्रातः 10 . 30 बजे होते हैं जोकि व्यवसाय का महत्वपूर्ण समय होता है । व्यवसायिक व श्रम समय के नुकसान , सर्व समाज की सुविधा व समय की उपयोगिता के मद्देनजर शांतिमिलन शोकसभा को दोपहर 3 से 3 . 48 बजे तक करने का निर्णय लिया गया है । शांतिमिलन में मृतक का संक्षिप्त जीवन परिचय , लघु शांति स्तोत्र , मंगल पाठ व परिजन द्वारा आभार ही होगा । सभी प्रकार के शोक गीतों , बच्चों की अभिव्यक्ति पर रोक लगाई गई है । टोपी पल्ला बदलना आदि सामाजिक रिवाज श्रद्धांजलि पश्चात पारिवारिक लोगों के मध्य अथवा निवास पर किया जावेगा । पुष्प की पंखुड़ियों के बदले मोटे अनाज यथा अक्षत , बाजरा आदि से श्रद्धांजलि अर्पित की जावेगी , जिसका उपयोग पक्षियों के आहार रूप में किया जा सके । शोक मिलन के अवसर पर परिवार द्वारा सीख मिठाई व अन्य सामग्री का थैला देना प्रतिबंधित किया गया है । केवल घर की बेटियों को दिया जा सकता है । अंतिम संस्कार पश्चात केवल 2 - 3 दिन ही निवास पर शोक बैठक रखने का निर्णय लिया गया है । सूतक क्रिया विधि परिवार के मध्य उचित समयानुसार की जा सकती है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि मृत्यु उपरांत होने वाले क्रियाकांडों के सभी पहलुओं पर समाज में अनेक लोगों से विचारविमर्श किया गया लोगों ने जैन संवेदना ट्रस्ट के मुहिम की सराहना की व सकारात्मक अभिव्यक्ति प्रदान की है ।

शीतकालीन सत्र के लिए प्रश्न लगाने में विधायक उदासीन

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 29 नवम्बर। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए प्रश्न लगने शुरू हो गए हैं। चार दिन के सत्र में प्रश्न लगाने के लिए विधायक उदासीन हैं। इस सत्र में सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण विधेयक एवं अनुपूरक बजट लाने की तैयारी की जा रही है।

विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा का मानसून सत्र 16 दिसम्बर से शुरू होकर 20 दिसम्बर को समाप्त हो जाएगा। 18 को गुरु घासीदास जयंती होने के कारण इस दिन सत्र का अवकाश रहेगा। सचिवालय के अनुसार एक महीने पहले प्रश्न लगने शुरू हो जाते हैं। लेकिन इस सत्र के लिए विधायकों के द्वारा ज्यादा प्रश्न नहीं लगाए गए हैं। विपक्ष द्वारा राज्य में बढ़ती हिंसा और हत्या के मामलों को लेकर सरकार को नोटिस देकर एक स्थगन प्रस्ताव लाया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष के अनुसार राज्य में शराब, खनिज माफिया को लेकर भी सत्र में चर्चा होगी। राजधानी में हो रही निरंतर हत्या को लेकर विपक्ष द्वारा एक पृथक से स्थगन प्रस्ताव लाया जाएगा।

चार दिवसीय सत्र में स्थगन प्रस्ताव पर होगी ज्यादा चर्चा

विधानसभा सत्र में सरकार द्वारा नगरीय निकाय चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण विधेयक लाया जाएगा। सरकार आकस्मिक खर्चों के लिए एक अनुपूरक बजट पेश करेगी। राज्य के विधानसभा में शिक्षा, चिकित्सा विभाग, खनिज, लोक निर्माण एवं सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित प्रश्न लगाए गए हैं। सचिवालय से सभी प्रश्नों का जवाब मांगने के लिए मंत्रालय भेज दिया गया है। विधानसभा प्रश्नों का उत्तर बनाने की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी को दी गई है। विधानसभा सत्र को देखते हुए सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए जा रहे हैं। धरना एवं प्रदर्शन करने वालों को लोधी चौक में ही रोक दिया जाएगा। सिर्फ पासधारियों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

विलंब शुल्क माफ करने की मांग

रायपुर 29 नंवबर। जिला एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों को सेमेस्टर परीक्षा के ऑनलाइन फॉर्म भरने में हो रही तकनीकी समस्याओं के कारण विलंब शुल्क माफ करने की मांग की गई। एनएसयूआई का कहना है कि विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल में बार-बार आ रही तकनीकी खामियों की वजह से कई छात्र समय पर फॉर्म नहीं भर सके। इसके चलते छात्रों को अनावश्यक रूप से विलंब शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि तकनीकी समस्याओं को देखते हुए विलंब शुल्क को तत्काल प्रभाव से माफ किया जाए।

एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान ने कहा, यह छात्रों की गलती नहीं है कि पोर्टल सही ढंग से काम नहीं कर रहा। विश्वविद्यालय को इस समस्या की जिम्मेदारी लेते हुए छात्रों को राहत प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोकने के लिए ऑनलाइन प्रणाली को अधिक सुदृढ़ और सुगम बनाया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश सचिव अतिक मेमन, जिला महासचिव संस्कार पांडेय, वरुण चावड़ा, आशीष बाजपाई उपस्थित रहे।

डूमर तालाब की बस्तियों में किताब कुटिया

रायपुर 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने डूमर तालाब से संलग्न बस्तियों में किताब कुटिया का संचालन किया । किताब कुटिया में बच्चों के साथ बड़े बुजुर्ग और महिलाओं ने भी पुस्तक पढ़ने का आनंद लिया। किताब कुटिया में बच्चों, युवा, बुजुर्गों के साथ महिलाओं के लिए भी किताबें हैं ।बच्चों ने कॉमिक्स बुक जैसे लोटपोट, चंपक, नंदन ,बाल भूमि सहित महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद ,सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों की जीवनी की किताबें पढ़ना पसंद किया ।बुजुर्गों ने अखंड ज्योति ,रामचरितमानस जैसे आध्यात्मिक पत्रिकाएं पढ़ने में तल्लीन रहे। महिलाओं ने गृह सभा, सहेली के साथ प्रेरक प्रसंग और आत्मा विकास पत्रिकाओं में रुचि दिखाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने किताबों से दोस्ती करने का संदेश देते हुए कहा कि किताबें पढ़ने से पढ़ने की अभिरुचि में वृद्धि होती है। किताबें पढ़ने से दुनिया की जानकारी के साथ-साथ अनुभव प्राप्त होता है।विप्र महाविद्यालय सदैव सामाजिक सरोकार के अंतर्गत वर्षों से नवंबर माह में नवाचार किताब कुटिया का संचालन कर समाज के निचले तबके में जागरूकता का प्रयास करती रही है।

कैट ने दी सुनील सोनी को बधाई

रायपुर 29 नवंबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक माननीय श्री सुनील सोनी जी से मुलाकात कर उन्हे जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने रायपुर दक्षिण विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक माननीय श्री सुनील सोनी जी से मुलाकात कर उन्हे जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही आज उनके जन्मदिवस पर उन्हे हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं और उनके स्वस्थ एवं द्वीधायु की कामना की। उन्होंने आगे कहा कि श्री सोनी जी से मुलाकात में चर्चा के दौरान उन्हे प्रदेश के व्यापार एंव उद्योग के विकास के सम्बध में जानकारी दी गई। श्री सोनी जी ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था के मुख्य सूत्रधार है। व्यापारियो की समस्याओं के समाधान व उनके हितों के लिए सरकार निंरतर कदम उठा रही हैं। व्यापारी हमेशा शासन प्रशासन का सहयोग करते आ रहे।

छत्तीसगढ़ राज्य को ख वर्ग में शामिल करने की मांग

रायपुर 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के मौके पर मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी की ओर से सर्मसमाज सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ीभाषी राज्य का मुद्दा जोर-शोर से उठा था. साहित्यकारों ने बताया कि 2000 में मध्यप्रदेश से पृथक होने के बाद जब छत्तीसगढ़ नया राज्य बना, तो आधार तक छत्तीसगढ़ीभाषी क्षेत्र होना. लेकिन राज्य निर्माण के बाद से ही छत्तीसगढ़ी के साथ छल शुरू हो गया है. साजिश के तहत छत्तीसगढ़ को ख वर्ग की जगह से क वर्ग में शामिल करा दिया था. इसी का नुकसान आज 3 करोड़ छत्तीसगढ़ीभाषी लोगों को उठाना पड़ रहा है. सम्मेलन में छत्तीसगढ़ीभाषी राज्य के मुद्दे पर सर्वसमाज के साथ विधानसभा मार्च की रणनीति भी बनी. सम्मेलन में पहुना के रूप में विधायक चातूरी नंद सहित साहू, कुर्मी, यादव, पनिका, सेन,

ठाकुर, ब्राम्हण, निषाद, चौहान आदि कई छत्तीसगढ़िया समाज के पदाधिकारी शामिल हुए. इसके साथ ही बड़ी संख्या में कवि, गीतकार, साहित्यकार, पत्रकार और कलाकार जगत के लोग भी मौजूद रहे.

विधायक चातूरी नंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा और रोजगार से संबंधित हर मुद्दे को विधानसभा में मैं प्रमुखता से उठाती रहूँगी. सदन के अंदर और बाहर कहीं महतारीभाषा के लिए मैं पूरी तरह प्रतिबद्ध हूँ. छत्तीसगढ़ राज्य को ख वर्ग शामिल कराने के अभियान में मैं हर मोर्चे पर शामिल हूँ.

छत्तीसगढ़ी राजभासा मंच के संरक्षक और संघ के पूर्व प्रचारक नंदकिशोर शुक्ल ने कहा कि 2003 के समय में जो गलती पूर्व की सरकार से हुई है अब उसे सुधारने का काम साय सरकार को करनी चाहिए. क्योंकि महतारीभाषा में पढ़ाई-लिखाई की गारंटी मोदी सरकार की है. इस गारंटी को साय सरकार पहली प्राथमिकता में पूरी करनी चाहिए. लेकिन इसके साथ-साथ साय सरकार को छत्तीसगढ़ राज्य को ख वर्ग में शामिल करने का प्रस्ताव कैबिनेट में पास कर तत्काल केंद्र सरकार भेज देनी चाहिए. साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ी पूरी तरह से वैज्ञानिक भाषा है. छत्तीसगढ़ को चाहे ख वर्ग में शामिल करने की बात हो या आठवीं अनुसूची में तकनीकी रूप से पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी सक्षम भाषा है. छत्तीसगढ़ी का व्याकरण हिन्दी के व्याकरण से 30 साल पूर्व प्रकाशित हो गया था. छत्तीसगढ़ी के पास समृद्ध साहित्य भंडार और 40 से अधिक शब्दकोश है. सम्मेलन की आयोजक साहित्यकार लता राठौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की अस्मिता से बढ़कर कुछ नहीं है।

प्रतियोगी परीक्षाओं को कांग्रेस ने बनाया था खिलौना

रायपुर 29 नवंबर। .पीएससी-2024 में आबकारी उपनिरीक्षक के 90 पदों को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाया है. पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा,राज्य सरकार शराब बेचने के मामले में रिकॉर्ड बनाना चाहती है. अमरजीत के बयान पर पलटवार करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रतियोगिता परीक्षाओं को कांग्रेस ने खिलौना बनाया था. अपने मनपसंद लोगों की भर्ती करते थे अमरजीत भगत ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, शराब को सरकार मुख्य धंधा बना रही है. जिलों में डीसी और तहसीलदारों की आवश्यकता है, लेकिन शराब बेचने सबसे ज्यादा आबकारी विभाग में पद निकाले गए हैं. उन्होंने कहा, सरकार एक तरफ रामराज्य की बात करते हैं दूसरी तरफ शराब बेंचते हैं. पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर वन मंत्री केदार कश्यप ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, प्रतियोगिता परीक्षाओं को कांग्रेस ने खिलौना बनाया था. अपने मनपसंद लोगों की भर्ती करते थे. तत्कालीन सरकार ने पुलिस, एरिकेशन कई विभागों में भर्ती किया है. कांग्रेसी गंगाजल हाथ में लेकर झूठ बोलने वाले लोग हैं. सरकारी नौकरी के लिए धर्म परिवर्तन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को मंत्री केदार कश्यप ने सही बताते हुए कहा, प्रदेश के हर अवैध कार्य पर कार्रवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी स्वागत योग्य है।

अमरजीत के आरोप पर केदार कश्यप का पलटवार

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26